दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित !

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार



# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शुक्रवार 10 जुलाई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1118

## संक्षिप्त खबरें ।

### अमेरिका ने ईरान पर दागीं मिसाइलें, ट्रंप ने तस्वीरें शेयर कर दी धमकी, तो तेहरान ने बताया फर्जी

लोक तंत्र की आवाज़



**तेहरान।** ईरान की सरकारी मीडिया 'प्रेस टीवी' के अनुसार, अमेरिकी हमलों के बाद ईरान के तटीय इलाकों में अफरा-तफरी मच गई. रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बंदर अब्बास और सीरिक इलाके को अमेरिकी मिसाइलों ने निशाना बनाया. इसके अलावा, अबू मूसा द्वीप, चाबहार और कोनारक में भी कम से कम 10 जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई।

**जब वे हम पर हमला करेंगे, तो हम उन पर 20 हमले करेंगे:** ईरान पर और हमले करने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, "हमने उन्हें 20 के मुकाबले एक के हिसाब से जवाब दिया. हर बार जब वे हम पर हमला करेंगे, तो हम उन पर 20 हमले करेंगे... यह पिछली रात का बदला था. असल में उन्होंने तीन नावों पर हमला किया था, दो पर नहीं. जब वे हमला करते हैं, तो हम कहीं ज्यादा जोरदार जवाब देते हैं।

**अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने हमले की पुष्टि की:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने इस हमले की आधिकारिक पुष्टि की है. सेंटकॉम ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा- "अमेरिकी सेना प्रमुख के निर्देश पर, अमेरिकी केंद्रीय कमान बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन (जहाजों की आवाजाही) की स्वतंत्रता को खतरे में डालने की ईरान की क्षमता को कमजोर करने के लिए अतिरिक्त हमले किए हैं. अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग पर वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक दल के खिलाफ किए गए अनुचित आक्रमण के लिए ईरान को जवाबदेह ठहराया जा रहा है।

**ट्रंप ने शेयर किया हमले का फोटो, दी सख्त चेतावनी:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस सैन्य कार्रवाई के कई फोटो साझा किया. फोटो के साथ ट्रंप ने लिखा— "यह ईरान द्वारा कल जहाजों पर किए गए बम हमले का बदला है. अगर ऐसा दोबारा हुआ, तो हालात और भी खराब हो जाएंगे !" हालांकि, तेहरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए ट्रंप द्वारा शेयर किए गए वीडियो को 'फर्जी' और प्रोपेगैंडा करार दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य हमले करने की चेतावनी दी. उन्होंने इससे पहले कहा था कि ईरान के हमलों से युद्धविराम समाप्त होने का संकेत मिला है।

## अखिलेश यादव से जुड़े राम मंदिर विवाद के तार ! एजेंसियों के रडार पर ये लोग, खंगाले जा रहे कॉल रिकॉर्ड

लोक तंत्र की आवाज़

**लखनऊ ।** अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में अब जांच का दायरा लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। यह मामला सबसे पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उठाया था। अब दावा किया जा रहा है कि उन्हें इस मामले से जुड़ी जानकारियां पहुंचाने वाले लोग पुलिस और जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। इसे लेकर अयोध्या के धार्मिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, राम मंदिर के करीब स्थित एक मठ के महंत की भूमिका को लेकर भी जांच एजेंसियां कुछ जानकारियां जुटा रही हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित महंत का फोन पुलिस और जांच एजेंसियों की निगरानी में है। हालांकि, इस पूरे मामले में पुलिस या प्रशासन की ओर से किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

**CM से जुड़े संवाद की भी पड़ताल होने का दावा:** दावा किया जा रहा है कि संबंधित संत के अलग-अलग लोगों से संपर्क और संवाद की भी पड़ताल की जा रही है। चर्चा है कि राम मंदिर से जुड़े कई तथ्य समय-समय



### अखिलेश यादव की पोस्ट के बाद मचा था बवाल

आपको बताते चलें कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला उस समय सबसे ज्यादा चर्चा में आया, जब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) पर इस संबंध में पोस्ट की थी। उस समय चंपत राय ने अखिलेश यादव के आरोपों को खारिज करने की कोशिश की थी और एक वीडियो भी जारी किया था। लेकिन अखिलेश यादव अपने आरोपों पर कायम रहे और लगातार सवाल उठाते रहे। इसके बाद मामला लगातार बढ़ता गया और आखिरकार एसआईटी (SIT) का गठन करना पड़ा।

पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव तक पहुंचाए जाते रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्यमंत्री की बैठकों में हुए संवादों की जानकारी विपक्ष तक पहुंचाने में भी उनकी भूमिका समय-समय पर सामने आई है। हालांकि, इन दावों को लेकर चर्चाएं जरूर हैं, लेकिन पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारी इस पूरे मामले पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। शासन स्तर के इस हाई प्रोफाइल मामले में कोई भी अधिकारी खुलकर कुछ कहने को तैयार नहीं है।

**RSS के एक पदाधिकारी का नाम भी चर्चा में:** वहीं इस पूरे घटनाक्रम के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के एक पदाधिकारी का नाम भी चर्चाओं में आ गया है। दावा किया जा रहा है कि संबंधित पदाधिकारी पर इस पूरे मामले को हवा देने और उजागर करने का आरोप लगाया जा रहा है।

**SIT रिपोर्ट के बाद चंपत राय पर उठे सवाल:** वहीं एसआईटी (SIT) की प्रारंभिक रिपोर्ट से यह भी सामने आया कि अखिलेश यादव के आरोप सार्वजनिक होने से पहले ही चंपत राय को चोरी की जानकारी मिल चुकी थी। जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव ने सात जून को चोरी का आरोप लगाया था, जबकि चंपत राय ने उससे पहले पांच जून को ही पुलिस को चोरों के पास भेजकर करीब 80 लाख रुपये की बरामदगी कराई थी। इसके बावजूद उन्होंने अखिलेश यादव के आरोपों को खारिज करने की कोशिश की।

**अब ट्रस्टी अनिल मिश्रा पर आरोप:** हालांकि एसआईटी (SIT) की प्रारंभिक रिपोर्ट में भले ही चंपत राय का नाम नहीं है, लेकिन रिपोर्ट में गणना प्रक्रिया में कई गड़बड़ियों का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट का इशारा ट्रस्ट के मैनेजमेंटकी ओर माना जा रहा है।

इसी बीच चंपत राय ने एक पत्र के जरिए ट्रस्टी अनिल मिश्रा पर आरोप लगाए हैं। पिछले दो दिनों से उनका एक कथित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## राहुल मंदिर मामले में नहीं बोल रहे हैं

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली।** कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय ने अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी पर खूब राजनीति की। वे अपनी पार्टी के सांसदों और अन्य नेताओं के साथ अयोध्या पहुंचे। वहां उनको हाउस अरेस्ट किया गया। पार्टी के दूसरे नेताओं ने प्रदर्शन किया और पूरे मामले की जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज से कराने की मांग की। दूसरी विपक्षी पार्टियों खास कर उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी और कांग्रेस की सहयोगी समाजवादी पार्टी ने भी इसे मुद्दा बनाया है, बल्कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इस मामले का खुलासा करने वाले नेता हैं।

उन्होंने ही सबसे पहले सोशल मीडिया में पोस्ट डाल कर बताया कि चढ़ावा चोरी हो रही है। इसके लिए वे भाजपा नेताओं के निशाने पर भी हैं। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया कि चढ़ावा चोरी के आरोपियों में से एक रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू सपा प्रमुख के संपर्क में था। उन्होंने अखिलेश यादव के घरेलू नाम टीपू से जोड़ कर कहा कि टिन्नू टीपू के संपर्क में था। इस पर अखिलेश यादव ने कानून कार्रवाई की धमकी भी दी।

बहरहाल, यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष बोल रहे हैं। सपा अध्यक्ष बोल रहे हैं लेकिन राहुल गांधी इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। प्रियंका गांधी वाड्रा भी नहीं बोल रही हैं। सोनिया गांधी तो खैर इन दिनों काफी कम बयान देती हैं और उनको बड़े मामलों में कुछ कहना होता है तो वे लेख लिखती हैं। राहुल का इस पर बयान नहीं देना रणनीतिक दिखाई दे रहा है। वे हर मामले पर बोलते हैं लेकिन इस मामले में चुप हैं। कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि राहुल इसलिए चुप हैं क्योंकि वे कुछ भी बोलेंगे तो भाजपा और आरएसएस के पूरे सिस्टम को मामले को घुमाने का मौका मिल जाएगा। सारा फोकस चढ़ावा चोरी के मामले से हट कर राहुल गांधी के बयान पर आ जाएगा। यह भी खतरा दिख रहा है कि जैसे अखिलेश को निशाना बनाया जा रहा है वैसे ही राहुल को बनाया जाने लगेगा।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा के नेता इंतजार कर रहे हैं कि कब राहुल गांधी इस पर बोलें तो याद दिलाया जाए कि अभी तक वे राममंदिर में दर्शन करने नहीं गए हैं। यह भी तो अभी से कहा जा रहा है कि वे लोग कैसे राम की आस्था का मुद्दा उठा रहे हैं, जिन्होंने कभी राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे। गौरतलब है कि राम सेतु मामले में उस समय की कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने हलफनामे में इस तरह की बात कहने की खबर आई थी। हालांकि कांग्रेस नेता इससे इनकार करते हैं।

## प्रशांत किशोर के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला बना बांकीपुर उपचुनाव, क्या बीजेपी के इस अभेद्य किले में लगा पाएंगे सेंध?

लोक तंत्र की आवाज़

**पटना।** बिहार की राजनीति में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव इस समय सबसे बड़ा हॉटस्पॉट बना हुआ है. यह चुनाव केवल एक विधानसभा सीट को जीतने का मुकाबला नहीं है, बल्कि यह जन सुराज के सूत्रधार और देश के जाने-माने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के राजनीतिक भविष्य की दिशा तय करने वाला लिटमस टेस्ट साबित होने जा रहा है. कई वर्षों तक देश की बड़ी-बड़ी राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनावी बिसात बिछाने वाले और मुख्यमंत्रियों से लेकर प्रधानमंत्रियों तक को सत्ता के शिखर पर पहुंचाने वाले प्रशांत किशोर आज खुद बांकीपुर के चुनावी मैदान में उतरे हुए हैं. उनके लिए यह उपचुनाव किसी



'करो या मरो' की स्थिति से कम नहीं माना जा रहा है।

**चुनावी विफलता के बाद अंधेरे में रोशनी की किरण:** प्रशांत किशोर ने साल 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के साथ एक बहुत बड़ा दांव खेला था, लेकिन नतीजों ने उनके सारे दावों को ध्वस्त कर दिया. जन सुराज या उनकी पार्टी ने 238 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन पिछले दो-तीन सालों की कड़ी मेहनत के बावजूद पार्टी को एक भी सीट पर सफलता हासिल नहीं हुई।

इस करारी हार के बाद बिहार के राजनीतिक गलियारों में यह सवाल उठने लगा था कि क्या जातीय समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमने वाली बिहार की सियासत में प्रशांत किशोर की बदलाव वाली राजनीति की कोई जगह बची भी है या नहीं. ऐसे निराशाजनक माहौल के बीच बांकीपुर का यह अचानक हो रहा विधानसभा उपचुनाव प्रशांत किशोर के लिए अंधेरे में एक दीये की रोशनी के समान बनकर सामने आया है, जो उन्हें समय से पहले खुद को साबित करने का एक और मौका दे रहा है।

**बीजेपी का अभेद्य किला और सीधी टक्कर का मुकाबला:** बांकीपुर विधानसभा सीट पिछले 40 से 45 सालों से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का एक अभेद्य गढ़ रही है. यह सीट मौजूदा समय में बीजेपी के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन की रही है, जो यहां से लगातार पांच बार चुनाव जीत चुके हैं. इस बार बीजेपी ने इस कायस्थ बहुल सीट पर बेहद सोच-समझकर अपने सामाजिक समीकरण के तहत अभिषेक कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि इस चुनावी समर में राष्ट्रीय जनता दल (RJD) की तरफ से रेखा गुप्ता और तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल से मानवीना मानवी भी मैदान में हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर मुख्य मुकाबला प्रशांत किशोर बनाम बीजेपी के अभिषेक कुमार के बीच ही देखा जा रहा है।

## अमेरिका की चार्जशीट में बेनकाब हुआ लॉरेंस बिश्नोई का साम्राज्य, 1000 सदस्य, जेल से कैसे चलता था नेटवर्क ?

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** भारत के मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टरों के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को लेकर अमेरिका ने बेहद बड़ा खुलासा किया है. कैलिफोर्निया की यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर 44 पन्नों की फेडरल चार्जशीट में जग्गू भगवानपुरिया गैंग के कई सदस्यों के खिलाफ संगठित अपराध, ड्रग्स तस्करी, हथियारों की तस्करी, अपहरण, हत्या, फिरौती और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं. यह चार्जशीट अमेरिकी ग्रैंड जूरी ने दाखिल की है और इसमें कई ऐसे खुलासे किए गए हैं जो पहली बार किसी आधिकारिक अमेरिकी दस्तावेज में सामने आए हैं।



**कभी लॉरेंस बिश्नोई का करीबी था लॉरेंस जग्गू :** चार्जशीट के मुताबिक जग्गू भगवानपुरिया कभी लॉरेंस बिश्नोई का बेहद करीबी सहयोगी था. दोनों एक ही अपराधी नेटवर्क का हिस्सा थे. लेकिन समय के साथ जग्गू ने अपना अलग गैंग तैयार कर लिया. इसके बाद उसका नेटवर्क इतना मजबूत हो गया कि वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी बन गया. अमेरिकी एजेंसियों का कहना है कि बाद में दोनों गैंग अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट के तौर पर काम करने लगे. चार्जशीट में बताया गया है कि भगवानपुरिया ऑर्गेनाइज्ड क्राइम ग्रुप का मुख्य संचालन भारत से होता था, लेकिन इसके सदस्य अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तक फैले हुए थे. दुनिया भर में गैंग के 1000 से ज्यादा सदस्य और सहयोगी बताए गए हैं. जबकि अकेले अमेरिका में 100 से ज्यादा लोग इस नेटवर्क के लिए काम कर रहे थे।

**जेल से चलता था पूरा नेटवर्क:** एफबीआई की जांच में सामने आया कि गैंग हत्या या हमले के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर उसकी जिम्मेदारी लेता था. अमेरिकी एजेंसियों का दावा है कि गैंग कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के जरिए अपने दुश्मनों पर झूठे केस दर्ज करवाता था. इसके बाद पीड़ितों को फोन कर कहा जाता था कि अगर पैसा नहीं दिया तो गिरफ्तारी होगी. पैसे देने पर मामला खत्म कराने का लालच दिया जाता था. दस्तावेज में यह भी आरोप है कि एक पंजाब पुलिस अधिकारी गैंग के कहने पर लोगों के खिलाफ झूठे हत्या के केस दर्ज कराने और फिर उनसे उगाही करने में शामिल था. अमेरिकी जांच के मुताबिक जग्गू भगवानपुरिया भारत की जेल में बंद रहते हुए भी पूरे गैंग का संचालन करता था. वह अवैध मोबाइल फोन और इंटरनेट कॉलिंग डिवाइस का इस्तेमाल कर अमेरिका और कनाडा में बैठे गैंग के सदस्यों को निर्देश देता था।

## राम मंदिर मुद्दे पर अखिलेश का बड़ा हमला ! शंकराचार्य संग मुलाकात से हलचल

लोक तंत्र की आवाज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में इस वक्त एक ऐसी मुलाकात ने भूचाल ला दिया है, जिसने सत्ताधारी दल बीजेपी के खेमे में खलबली मचा दी है! अमूमन राम मंदिर, आस्था और गौरक्षा जैसे मुद्दों पर बैटिंग करने वाली बीजेपी को अब उसी की पिच पर घेरने की एक बहुत बड़ी बिसात बिछ चुकी है।

जी हां समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज गुरुवार की सुबह ठीक 8 बजे अचानक राजधानी लखनऊ के फैजुल्लागंज इलाके में स्थित जगन लाल यादव गेस्ट हाउस पहुंचे। वहां उन्होंने किसी नेता से नहीं, बल्कि देश के बड़े धर्मगुरु और ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी



अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के चरणों में बैठकर उनका आशीर्वाद लिया। करीब 30 मिनट तक चली इस बंद कमरे की मुलाकात का जो वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, उसने यूपी की राजनीति का पारा सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। राम मंदिर में चढ़ावा-चंदा चोरी का मुद्दा और गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग, इन दो मुद्दों पर दोनों के बीच ऐसी बातचीत हुई है कि अब यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या साल 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पहले अखिलेश यादव ने अपनी हिंदू विरोधी छवि को पूरी तरह मटियामेट करने और बीजेपी के कोर एजेंडे को हथियाने का मास्टरस्ट्रोक खेल दिया है? आइए जानते हैं।

आपको बता दें शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से आशीर्वाद लेने के बाद जब अखिलेश यादव बाहर निकले, तो उनके तेवर एकदम बदले हुए थे। मीडिया के कैमरों के सामने आते ही सपा मुखिया ने बीजेपी सरकार पर तीखे शब्दों के ऐसे बाण चलाए कि पूरी सरकार बैकफुट पर नजर आने लगी। अखिलेश यादव ने सीधे तौर पर कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में जो चंदा और चढ़ावा चोरी की घटना सामने आई है, उससे साफ साबित हो गया है कि धर्म के नाम पर बहुत बड़ा महापाप हुआ है। उन्होंने गरजते हुए कहा कि यह महापाप किसी और ने नहीं, बल्कि खुद बीजेपी के लोगों ने किया है। इस खुलासे के बाद से बीजेपी के अंदर भयंकर भगदड़ मची हुई है और उनकी ही पार्टी के बहुत सारे नेता अब समाजवादी पार्टी के संपर्क में आ चुके हैं। अखिलेश ने कहा जो भारतीय जनता पार्टी के विचार हैं वह वोट के लिए बदलते हैं, उनके लिए धर्म नहीं धन प्राथमिकता है।

[अखिलेश यादव यहीं नहीं रुके, उन्होंने सरकार द्वारा बनाई गई जांच टीम SIT को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि जांच के नाम पर SIT सिर्फ और सिर्फ इस पूरे घोटाले पर लीपापोती करने का खेल खेल रही है। अखिलेश ने कहा कि उस टीम में एक ऐसा सदस्य भी शामिल है, जिस पर खुद धारा 420 का मुकदमा दर्ज है! ऐसे में भला निष्पक्ष जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है?

## पटना सचिवालय के पास फुटपाथ पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के पॉश इलाके में सचिवालय के पास एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सचिवालय थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क किनारे फुटपाथ पर शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह सचिवालय थाना क्षेत्र में गेट नंबर-15 के पास पुल के नीचे एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी।

प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है हालांकि पुलिस किसी



भी नतीजे पर पहुंचने से पहले पूरी जांच पड़ताल कर रही है। मृतक युवक की पहचान फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शरीर पर किसी स्पष्ट चोट के निशान हैं या नहीं, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। स्थानीय लोग इसे संदिग्ध स्थिति में हुई मौत मान रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (FSL) की टीम को मौके पर बुलाया गया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी है। वैज्ञानिक तरीकों से फिंगरप्रिंट और अन्य महत्वपूर्ण सबूतों को एकत्र किया जा रहा है ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके। पुलिस का पूरा ध्यान इस बात पर है कि शव को वहां किसने और क्यों डाला। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान कर रही है। सचिवालय थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। इलाके में लगे तमाम सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को कब्जे में लेकर गहन विश्लेषण किया जा रहा है ।

## बांकीपुर उपचुनाव दिलचस्प मोड़ पर, एनडीए और महागठबंधन के साथ जन सुराज, रालोजपा और जजद ने उतारे प्रत्याशी

लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना।** राजधानी पटना की हाई-प्रोफाइल बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव की सियासी लड़ाई दिलचस्प हो गई है। बीजेपी ने कायस्थ बहुल क्षेत्र से अभिषेक कुमार सिन्हा को एनडीए का उम्मीदवार बनाया है, जिन्होंने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

नामांकन के बाद अभिषेक सिन्हा ने कहा कि उनका लक्ष्य बांकीपुर के



विकास को नई गति देना और पार्टी के भरोसे पर खरा उतरना है। वहीं महागठबंधन की ओर से राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता ने भी अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जनता महागठबंधन के साथ



है। इस उपचुनाव में महागठबंधन की ही जीत होगी। राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता के नामांकन में महागठबंधन घटक दल से कांग्रेस और वाम दल के भी नेता मौजूद रहे। रेखा गुप्ता ने कहा कि चालीस साल से बीजेपी ने यहां चुनाव जीता है, लेकिन अभी तक इस क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया है। जनता परेशान है। महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। शिक्षा स्वास्थ्य व्यवस्था नगण्य है।

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने भी अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। पार्टी ने तनवीर आलम को बांकीपुर विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। पटना स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रालोजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रिंस पासवान ने तनवीर आलम को पार्टी का अधिकृत चुनाव चिन्ह (सिंबल) सौंपा। इस मौके पर उन्होंने उम्मीदवार को जीत की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अब निकलेंगे TMC के खातों से पैसे ! HC से ममता को बड़ी राहत, जानें क्या है 440 करोड़ का पूरा विवाद

लोक तंत्र की आवाज़

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस को बड़ी अंतरिम राहत दी है। अदालत ने पार्टी को उन तीन बैंक खातों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है, जिन्हें हाल ही में डेबिट-फ्रीज कर दिया गया था। हालांकि, इन खातों का संचालन अदालत की ओर से नियुक्त स्पेशल ऑफिसर की कड़ी निगरानी में ही किया जाएगा। यह फैसला जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की पीठ ने सुनाया। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस द्वारा खातों को जल्दबाजी में फ्रीज किए



जाने पर भी सवाल उठाए।

**स्पेशल ऑफिसर की निगरानी में होगा संचालन:** अदालत ने कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस सुब्रत तालुकदार को इन बैंक खातों की निगरानी के लिए स्पेशल ऑफिसर नियुक्त किया है। यह व्यवस्था 30 सितंबर 2026 तक लागू रहेगी। इस दौरान पार्टी केवल रोजमर्रा के जरूरी खर्च, कर्मचारियों के वेतन और नियमित प्रशासनिक कार्यों के लिए ही खातों से पैसे निकाल सकेगी। किसी भी बड़े वित्तीय लेन-देन की अनुमति नहीं होगी। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि स्पेशल ऑफिसर को 1.25 लाख रुपये का मानदेय दिया जाएगा और इसका भुगतान कालीघाट स्थित तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी गुट की ओर से किया जाएगा। वहीं सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट ने बिधाननगर पुलिस की कार्रवाई की टाइमिंग पर सवाल उठाए।

**अभिषेक मनु सिंघवी ने रखी दलील:** यहां टीएमसी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि अचानक बैंक खातों को फ्रीज कर देने से एक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल का पूरा कामकाज ठप हो गया है। उन्होंने दलील दी कि यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) और 19(1)(d) का उल्लंघन है और लोकतंत्र में समान अवसर की भावना के खिलाफ है।

उन्होंने अदालत से कहा कि शिकायतें पूरी तरह अस्पष्ट हैं और एफआईआर दर्ज होने के दो दिन के भीतर खातों को फ्रीज करना दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई को दर्शाता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, आटा चक्की संचालक पर 3.85 लाख रुपये का जुर्माना

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**



**सिरदला।** विद्युत ऊर्जा चोरी पर रोक लगाने के लिए गठित विशेष छापेमारी दल ने सिरदला प्रखंड के सुखनार गांव में कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। छापेमारी दल का नेतृत्व विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल रजौली के सहायक विद्युत अभियंता राहुल कुमार ने किया। जांच के दौरान सुखनार निवासी महेश चौधरी (पिता- कालेश्वर चौधरी) के परिसर में लगे मीटर की सील टूटी मिली। साथ ही मीटर के इनपुट टर्मिनल से अतिरिक्त तार जोड़कर तीनों फेज को बायपास कर लगभग 10 हॉर्स पावर के विद्युत भार से अवैध रूप से आटा चक्की का संचालन किया जा रहा था। विभाग के अनुसार इस बिजली चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 3,85,111 रुपये की राजस्व क्षति हुई, जिसके बराबर जुर्माना आरोपित किया गया है। मामले में नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में कनीय विद्युत अभियंता संजीव कुमार, राजेश कुमार, नरेश कुमार, अनुज कुमार तथा इंटेली स्मार्ट टेक्नीशियन सहित विद्युत आपूर्ति प्रशाखा सिरदला के कर्मी मौजूद थे।

### पुलिस ने नालंदा जिले के दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



**वारिसलीगंज।** वारसलीगंज पुलिस ने मंगलवार की रात्रि वारसलीगंज खंराट पथ के दौलतपुर गांव स्थित एक लोहे की दुकान से चोरी करते एक युवक को रंगे हाथ पकड़ा। गिरफ्तार युवक के यहां से चोरी की गई तकरीबन 40हजार रुपए की बरामद की भी हुई है। गिरफ्तार युवक राजू कुमार नालंदा जिले के बकरा गांव का रहने वाला है। इसी के निशान देही पर एक और युवक की गिरफ्तारी की गई जो नालंदा जिले के ही धान सिरपुर हरनौत गांव का रहने वाला है। गिरफ्तार दोनों युवकों ने वारसलीगंज के राजापुर गांव में 31 मई 2026 को की गई भीषण चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। युवक के पास से 39970 रुपए के साथ एक मोबाइल की बरामदगी भी की गई। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि कई चोरी की घटना में संलिप्त इन दो युवकों के विरुद्ध नालंदा जिले में कई मामले दर्ज हैं।

### लाइन स्ट्रिंगिंग को लेकर वारिसलीगंज में आज बाधित रहेगी बिजली

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**–वारिसलीगंज के बासोचक स्थित 132/33 केवी ग्रिड उपकेन्द्र में 33के०वी० कचना फीडर में दिनांक 10/07/2026 शुक्रवार सुबह 12:00 से 15:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध की जानकारी देते हुए वारिसलीगंज के बासोचक स्तिथ 132/33 केवी ग्रिड के सहायक कार्यपालक अभियंता सत्येंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 10/07/2026 शुक्रवार को वारिसलीगंज में 132/33 केवी अंबुजा लाइन में स्ट्रिंगिंग का कार्य है।इस बीच उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बिजली संबंधित अपने आवश्यक कार्य को पहले निबटा लें। ताकि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो सके। सहायक कार्यपालक अभियंता ने बिजली बाधित होने को लेकर उन्होंने खेद प्रकट किया है।

### गया जी : भाजपा महिला मोर्चा जिला नेत्री पम्मी सिंह को बधाई का ताता



**गया जी।** गया जिला भाजपा महिला मोर्चा नेत्री पम्मी सिंह के शादी की सालगिरह पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार एवं गया जिला के कलाकार विवेक मिश्रा उर्फ भुषण मिश्रा,उतरी मंडल भाजपा कमेटी ने उनके उज्जवल भविष्य कि कामना किया है।

# सीएचसी नारदीगंज में पीएमएसएमए का सफल आयोजन: 300 से अधिक गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**लोक तंत्र की आवाज**



**नारदीगंज।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में विशेष प्रसव पूर्व जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 300 से अधिक गर्भवती महिलाओं ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच उपलब्ध कराना, उच्च जोखिम गर्भावस्था की समय पर पहचान करना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। शिविर के दौरान डॉ. सोनी कुमारी एवं डॉ. अन्नू प्रिया द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं की विस्तृत चिकित्सीय जांच की गई। चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि प्रत्येक गर्भवती महिला की रक्त जांच एवं अन्य आवश्यक जांच), मूत्र जांच, रक्तचाप वजन, भ्रूण की धड़कन , गर्भावस्था की सामान्य चिकित्सीय जांच तथा अन्य आवश्यक सेवाएं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रदान की गईं। उन्होंने बताया कि जांच के उपरांत सभी पात्र गर्भवती महिलाओं को आयरन-फोलिक एसिड , कैल्शियम तथा आवश्यक विटामिन की दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं, ताकि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया एवं पोषण संबंधी कमियों की रोकथाम की जा सके। जांच के दौरान 26 उच्च जोखिम गर्भावस्था ( वाली महिलाओं की पहचान की गई। इन महिलाओं को विशेष परामर्श, नियमित फॉलो-अप तथा आवश्यकता अनुसार उच्च संस्थान में रेफरल की सलाह दी गई। शिविर में एनीमिया प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जांच में गंभीर एवं मध्यम एनीमिया से प्रभावित 7 गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकीय देखरेख में थेरेपी दी गई, जिससे उनके हीमोग्लोबिन स्तर में शीघ्र सुधार हो सके तथा प्रसव के दौरान संभावित जटिलताओं को कम किया जा सके। कार्यक्रम के सफल संचालन में बीएचएम इरशाद अहमद, काउंसलर रवि कुमार, एनएम सुनीता कुमारी, सोनम कुमारी, उषा रंजन, रीना कुमारी, अनुपमा कुमारी एवं माधुरी वर्मा तथा लैब टेक्नीशियन मुकुंद कुमार, आशुतोष कुमार एवं जितेंद्र कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए गुणवत्तापूर्ण एनसी सेवाएं सुनिश्चित कीं। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंतोष कुमार ने तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए कहा कि 15 जुलाई को आयोजित होने वाले पीएमएसएमएफॉलो-अप दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर उन गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र तक लाना आवश्यक है, जो हाल ही में ईंट-भट्ठों अथवा अन्य राज्यों से वापस लौटी हैं या किसी कारणवश आज की जांच में शामिल नहीं हो सकीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला की समय पर एनसी जांच, एनीमिया की पहचान एवं उपचार, उच्च जोखिम गर्भावस्था का शीघ्र प्रबंधन तथा नियमित फॉलो-अप सुरक्षित मातृत्व की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं, मातृ मृत्यु तथा नवजात शिशु मृत्यु के जोखिम को प्रभावी रूप से कम किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों से अपील की गई कि वे गर्भावस्था के दौरान सभी निर्धारित एनसी जांच समय पर कराएं, आयरन एवं कैल्शियम की दवाओं का नियमित सेवन करें, संतुलित आहार लें तथा प्रत्येक पीएमएसएमए एवं फॉलो-अप दिवस पर स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित होकर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करें।

## औरंगाबाद : गोह अंचल अधिकारी को कर्मियों ने फूल-माला व स्मृति चिन्ह देकर की विदाई



**लोकतंत्र की आवाज**

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर,**

**गोह (औरंगाबाद)** प्रखंड के अंचलाधिकारी संजय कुमार के स्थानांतरण पर गुरुवार को प्रखंडस्तरीय आईबी में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इनका स्थानांतरण सहरसा जिला के पथरघट अंचल कार्यालय में हुआ है। इनके सेवा काल में यह पांचवां स्थानांतरण है।इस समारोह में अंचल कार्यालय के सभी कर्मी, राजस्व कर्मचारी एवं स्थानीय प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान कर्मियों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि संजय कुमार ने गोह अंचल में लगभग 11 माह के कार्यकाल के दौरान पारदर्शी एवं जनहितैषी कार्यशैली से अपनी अलग पहचान बनाई। उनके नेतृत्व में भूमि विवादों के निष्पादन, दाखिल-खारिज तथा परिमार्जन के लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आई। आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई और समयबद्ध निष्पादन को उन्होंने प्राथमिकता दी, जिससे अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ।कर्मियों ने कहा कि सीओ ने टीम भावना के साथ कार्य करने की संस्कृति विकसित की तथा हर फाइल का समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का प्रयास किया। उनके सहयोगी व्यवहार और अनुशासनप्रिय कार्यशैली को सभी ने सराहा। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए संजय कुमार ने कहा कि गोह की जनता और अंचल कार्यालय के कर्मियों का स्नेह एवं सहयोग हमेशा उनके लिए यादगार रहेगा। उन्होंने कहा कि जहां भी उनकी तैनाती होगी, वहां पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे तथा गोह के विकास और खुशहाली की कामना करते रहेंगे। इस मौके पर उपस्थित आर. ओ. अजय कुमार सिंह, नारायण प्रसाद, बिजेंद्र कुमार, जयंत कुमार, आशुतोष कुमार, दीपेश कुमार, धनंजय कुमार, मनोज कुमार, गणेश कुमार,विनय कुमार,राजू कुमार, अजय कुशवाह, धर्मेन्द्र कुमार सहित कई लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल, नवादा रेफर

**लोक तंत्र की आवाज**

**कौआकोल।** कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर बिन्दीचक गांव से पहले चौराही आहर टर्निंग के पास गुरुवार को हुए सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव निवासी अर्जुन महतो अपने रिश्तेदार शेखपुरा जिले के उक्सी गांव निवासी यमुना महतो के साथ बाइक से नवादा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन चालक की लापरवाही पर नाराजगी जताई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा फरार वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बैंक से 20 लख रुपए का फर्जी लोन निकालने से मचा हड़कंप

**लोक तंत्र की आवाज**



**नवादा।** जिले के हिसुआ प्रखंड से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज़ के जरिए दूसरे के पुश्तैनी मकान पर 20 लाख रुपये का लोन उठा लिया गया. इस पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ, जब बैंक के कर्मचारी वसूली के लिए असली मकान मालिक के घर पहुंच गए. अचानक बैंक कर्मियों की बात सुनकर परिवार के लोग हैरान रह गए और मामला सामने आते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मामला नवादा जिले के तुंगी पंचायत के रामपुर मंझवे गांव का बताया जा रहा है. यहां के निवासी और पूर्व पैक्स अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद के पुत्र अंकित कुमार उर्फ जितेंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार को उत्कर्ष बैंक के कर्मचारी उनके घर पहुंचे. उन्होंने बताया कि सुलेखा देवी, पति हीरा विश्वकर्मा के नाम पर 20 लाख रुपये का लोन लिया गया है और उसकी वसूली के लिए वे आए हैं. यह सुनकर पूरा परिवार सन्न रह गया, क्योंकि जिस मकान के नाम पर लोन लिया गया, वह उनकी पुश्तैनी संपत्ति है।

**फर्जी दस्तावेज़ और वीडियो से उठाया गया लोन:** पीड़ित अंकित कुमार ने आरोप लगाया है कि उनके ही पड़ोसी ने उनकी संपत्ति के कथित फर्जी कागजात और वीडियो का इस्तेमाल कर अपनी पत्नी के नाम से बैंक से लोन ले लिया. बिना असली मालिक की जानकारी के इस तरह से कर्ज स्वीकृत होना कई सवाल खड़े करता है. परिवार का कहना है कि उन्हें इस पूरे मामले की कोई जानकारी नहीं थी और अचानक बैंक की वसूली टीम के पहुंचने से उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला। घटना सामने आने के बाद गुरुवार को पीड़ित परिवार ने तुरंत हिसुआ थाना में आवेदन देकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने इसमें संबंधित लोगों को नामजद करते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस जांच में जुटी, सच सामने आने का इंतजार:** इधर, हिसुआ थानाध्यक्ष मृत्युंजय ने बताया कि पीड़ित परिवार से आवेदन प्राप्त हो गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है. उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर किन दस्तावेजों के आधार पर बैंक से किस कदर लोन लिया गया है जो फर्जी वाले के श्रेणी में पहुंच चुका है।

## मगध इंडस्ट्री एसोशिएशन, गया जी जिला उद्योग संघ, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति एवं मगध बुनकर संघ के प्रतिनिधियों के साथ सभी उधोग योजना के प्रमुख समस्याओं के संबंध में एक समीक्षा बैठक की गई

**लोकतंत्र की आवाज**



**गया जी।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज 12:30 अप. में अपने कार्यालय कक्ष में उद्योग मंत्री, उद्योग विभाग के वरीय पदाधिकारियों, मगध इंडस्ट्री एसोशिएशन, गया जी जिला उद्योग संघ, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति एवं मगध बुनकर संघ के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रमुख समस्याओं के संबंध में एक समीक्षा बैठक की गई है। अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उपरोक्त सभी योजनाओं में आ रही समस्याओं को इस औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बिंदुवार तरीके से उद्योग मंत्री एवं विभाग के पदाधिकारियों के समक्ष रखा गया है। सभी योजनाओं में आ रही समान समस्याओं यथा- बैंक ऋण स्वीकृति में देरी, बाजार और विपणन की समस्या, तकनीकी एवं प्रबंधन कौशल की कमी, वित्तीय साक्षरता की कमी, उद्यमों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने की चुनौती पर मंत्री एवं विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। विभाग के पदाधिकारियों ने इन समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार के चल रहे कार्यक्रमों एवं भावी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। जैसे बैंक ऋण की स्वीकृति को सरल एवं सुचारू करने के दृष्टिकोण से प्रत्येक जिले में लोन शिविर का आयोजन किया जायेगा। बाजार सर्वेक्षण एवं विपणन की समस्या के निराकरण हेतु बिहार राज्य मार्केटिंग अथॉरिटी का गठन किया जा रहा है। वित्तीय साक्षरता हेतु भारत सरकार के रेम एप स्कीम के अंतर्गत एम एस एम ई केंद्र का गठन किया जा रहा है। तत्पश्चात, अध्यक्ष ने उद्योग मंत्री से गया जी जिले के जीआइ टैग प्राप्त कर चुके पथरकट्टी कारीगरों की समस्याओं का निदान करने, शादीपुर में बियाडा की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने, धनामा गाँव में लगभग 50 उद्योगों को आधारभूत आवश्कताओं को उपलब्ध कराने, बियाडा बोधगया की जमीन को विस्तार करने, मानपुर की जमीन को विकसित करने एवं गया जी के तिलकुट को जी आई टैग प्रदान करने के संबंध में अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय ने गया डोभी औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इस कॉरिडोर में लोकल उद्यमियों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया है ।मंत्री ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि आज के बैठक में हुए विचार-विमर्श एवं माननीय अध्यक्ष द्वारा सुझाये गए प्रस्तावों का अनुपालन यथाशीघ्र कराया जायेगा। इस बैठक में सु श्रेयसी सिंह, मंत्री, उद्योग विभाग, अमन समीर, निदेशक एम एस एम ई मुकुल कुमार गुप्ता, निदेशक, उद्योग, विद्यानन्द सिंह, निदेशक, हथकरघा एवं रेशम उत्पादन, विजय कुमार उपाध्याय, निदेशक (प्रशासन), मगध इंडस्ट्री एसोशिएशन की ओर से श्री अनुप केडिया, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्री प्रदीप कुमार, गया जी जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष रौनक सिंह सेठ, शुभम श्रीवास्तव, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति के अध्यक्ष श्री प्रेमनारायण पटवा, मगध बुनकर संघ के अध्यक्ष दुखन पटवा सहित बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण अपस्थित रहे हैं।

## पिरामल फाउंडेशन और स्वास्थ्य विभाग का संयुक्त प्रशिक्षण

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** फाइलेरिया और कालाजार जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय में बाल विकास परियोजना कार्यालय के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ सीता कुजूर ने की। इसमें प्रखंड की सभी 6 महिला पर्यवेक्षिकाएं और 150 आंगनबाड़ी सेविकाएं शामिल हुईं। पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर निर्भय कुमार सिंह ने सेविकाओं को फाइलेरिया और कालाजार के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में हाथ-पैर में असामान्य सूजन यानी हाथीपांव और पुरुषों में हाइड्रोसील शामिल है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को छोड़कर सभी पात्र लोगों को वर्ष में एक बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जाने वाले सामूहिक दवा सेवन यानी एमडीए अभियान के तहत फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन जरूर करना चाहिए। कालाजार के बारे में उन्होंने बताया कि यह बालू मक्खी के काटने से फैलने वाला गंभीर संक्रामक रोग है। लंबे समय तक बुखार रहना, तेजी से वजन घटना और तिल्ली का बढ़ जाना इसके मुख्य लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर मरीज को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजें। बैठक में आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में फाइलेरिया और कालाजार के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाएं। साथ ही पात्र मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने में भी सहयोग करें। निर्भय कुमार सिंह ने कहा कि जनसहभागिता और जागरूकता से ही इन बीमारियों पर नियंत्रण संभव है। उन्होंने सभी से अपील की कि घर और आसपास साफ-सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और रात में नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करें। प्रशिक्षण में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियों की रोकथाम में आंगनबाड़ी सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आंगनबाड़ी सेविकाओं को कहा गया कि वे घर-घर जाकर महिलाओं और परिवारों को मच्छरों से बचाव के उपाय बताएं। साथ ही समुदाय में फाइलेरिया या कालाजार के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजना सुनिश्चित करें।

## जनगणना 2027 के प्री-टेस्ट का भारत सरकार की टीम ने किया निरीक्षण रजौली ब्लॉक के सोहदा, कर्मकला और तारगिर गांवों का लिया जायजा

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** भारत सरकार के जनगणना निदेशालय की एक उच्चस्तरीय टीम ने बुधवार को रजौली प्रखंड क्षेत्र में चल रहे जनगणना 2027 के प्री-टेस्ट का औचक निरीक्षण किया। टीम ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर सुपरवाइजरों और गणनाकारों से कामकाज की जानकारी ली और फीडबैक भी लिया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व जनगणना निदेशालय भारत सरकार की निदेशक आईएएस रंजिता ने किया। उनके साथ उप निदेशक हेमंत कुमार, सहायक निदेशक अंगद कुमार सिंह और उनकी पूरी टीम मौजूद रही। भारत की जनगणना 2027 का प्री-टेस्ट बिहार में रजौली प्रखंड के अलावे सारण जिले के सोनपुर नगर परिषद में चल रहा है।

**तीन गांवों का किया निरीक्षण :** टीम ने सबसे पहले सिरोडावर पंचायत क्षेत्र के सोहदा गांव का दौरा किया। इसके बाद जोगियामरान पंचायत के कर्मकला गांव पहुंचकर वहां जनगणना कार्य में लगे सुपरवाइजरों और गणनाकारों से बातचीत की। अधिकारियों ने डेटा संग्रहण की प्रक्रिया, फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतों और ग्रामीणों के सहयोग को लेकर जानकारी ली। निरीक्षण के अंतिम चरण में टीम ने लेंगुरा पंचायत के तारगिर गांव स्थित एसआरएस यूनिट का भी भ्रमण किया। यहां सुपरवाइजर राधेश्याम, जनगणना निदेशालय से माधुरी कुमारी



और गणनाकार शिक्षक उपस्थित रहे। टीम ने एसआरएस यूनिट में रखे रिकॉर्ड और प्रविष्टियों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, नवादा डीएसओ, बीडीओ संजीव झा,सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं सहायक प्रभार पदाधिकारी रौशन कुमार भी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार की टीम को प्रखंड में चल रही तैयारियों और प्री-टेस्ट की प्रगति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना 2027 को लेकर यह प्री-टेस्ट एक महत्वपूर्ण चरण है। इससे फील्ड में आने वाली समस्याओं का पहले से आकलन कर मुख्य जनगणना को सुगम बनाया जाएगा। टीम ने गणनाकारों और सुपरवाइजरों को सही और सटीक डाटा संग्रहण के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास की योजना के लिए जरूरी है।

## छठियार में बज रहे बाजे से दो पक्षों में विवाद में जमकर हुई मारपीट

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के मुरहेना गांव में बुधवार की रात एक घर में छठियार के मौके पर गाना बज रहा था। इसी बीच गाने के बोल से उपजे विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गए। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लात-घूंसे एवं लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों से लगभग आठ लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने सभी घायलों का प्राथमिक इलाज किया। उन्होंने बताया कि प्रथम पक्ष से घायलों में मुरहेना गांव निवासी गनौरी चौधरी, गनौरी चौधरी के पुत्र लक्ष्मण चौधरी व पुत्री मोना कुमारी, गनौरी चौधरी की पत्नी कैली देवी एवं लक्ष्मण चौधरी की पत्नी अनिता कुमारी शामिल हैं। वहीं द्वितीय पक्ष से मुरहेना गांव निवासी सुखदेव चौधरी,सुखदेव चौधरी के पुत्र मुन्ना चौधरी,नीतीश कामत, शामिल है। चिकित्सक ने बताया कि घायल मोना कुमारी के सिर में गम्भीर चोटें आई है, जिसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई व दवाइयां दी गई है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि मुरहेना गांव में किसी तीसरे व्यक्ति के यहां छठियार में बज रहे गाने से उपजे विवाद में दो पक्ष आपस में मारपीट हुई है। मारपीट को लेकर प्रथम पक्ष से मोना कुमारी एवं द्वितीय पक्ष से नीतीश कुमार ने थाने को लिखित आवेदन देकर पांच-पांच लोगों को नमाजद अभियुक्त बनाया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए द्वितीय पक्ष से दो आरोपियों नीतीश कुमार और सुखदेव चौधरी को गिरफ्तार किया है। वहीं प्रथम पक्ष से आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### यूपी : खाद्यान्न वितरण के वेरिफिकेशन के लिए घर-घर जाएगी सरकार, पूर्वांचल से होगी शुरूआत; पंचायतों में लगेंगी जन चौपाल



लोक तंत्र की आवाज़
रत्ना
लखनऊ। अंत्योदय, पात्र गृहस्थी के लिए चल रही निश्शुल्क खाद्यान्न योजना और उज्ज्वला रसोई गैस वितरण का सत्यापन करने सरकार ग्रामीणों के द्वार तक जाएगी। इसका नेतृत्व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज पांडेय करेंगे, जिसकी शुरूआत पूर्वांचल से होगी। इसमें पंचायतों में जन चौपाल लगाकर समस्याएं सुनी जाएंगी। मानक पूर्ण होने पर भी वंचित नागरिकों को मौके पर लाभार्थी श्रेणी में शामिल कराया जाएगा।लाभार्थियों का नाम काटने, अपात्र लोगों के नाम जोड़ने के लिए दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2016 में लागू हुआ। केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान मार्च 2020 में मुफ्त खाद्यान्न योजना (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) की शुरुआत की लेकि जनवरी 2023 से इस योजना के तहत मिलने वाले खाद्यान्न को पूर्णत: मुफ्त कर दिया। योजना के तहत अंत्योदय कार्डधारकों को प्रतिमाह 35 किलोग्राम मुफ्त अनाज मिलता है जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किलो अनाज दिया जाता है।

### उत्तर प्रदेश के पूरब से लेकर पश्चिम तक भारी वर्षा का अलर्ट, गुरुवार से सूबे में सक्रिय होगा मानसून




लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मानसून पूरीतरह सक्रिय हो गया है और इस बार असर भी व्यापक होगा। प्रदेश में गुरुवार से पूरब से पश्चिम तक लगभग 60 से अधिक जिलों में भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने का अलर्ट जारी किया गया है।बंगाल की खाड़ी में बने दबाव के कारण मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में ऐसी ही घनघोर बरसात की संभावना जताई है। लखनऊ और आसपास के जिलों में भी मध्यम से भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही करीब 24 जिलों में 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग के वैज्ञानिक अखिल श्रीवास्तव ने बताया कि देश के उत्तरी हिस्सों में मॉनसून की स्थिति काफी अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का एक क्षेत्र बना, जो तेज होकर डिप्रेशन में बदल गया और अब एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बन गया है। उत्तर प्रदेश में भारी बारिश होने का अनुमान है। 11 जुलाई तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के आगरा, इटावा और जालौन में भारी बारिश होगी।

### मायके से पत्नी के ना लौटने पर साले को मारी थी गोली, जीजा गिरफ्तार; 70 हजार में खरीदी थी रिवॉल्वर



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। कैसरबाग के माडल हाउस इलाके में घर में घुसकर साले को गोली मारने वाले जीजा मो. इलियास उर्फ अत्तू को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि पत्नी काफी समय से मायके में रह रही थी और उसके समझाने के बावजूद वापस नहीं लौट रही थी।उसे शक था कि पत्नी को मायके में रोकने में उसका साला मदद कर रहा है। इसी रंजिश में उसने 70 हजार रुपये में रिवाल्वर खरीदी और साले को जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। इंस्पेक्टर कैसराबाग अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि परिवर्तन चौक के पास से आरोपित को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से फैक्ट्री मेड रिवाल्वर, दो खोखा, चार कारतूस और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुई है। इंस्पेक्टर के मुताबिक तालाब गगनी शुक्ल स्थित माडल हाउस निवासी आफरीन हुसैन ने बुधवार को तहरीर देकर बताया था कि उनके पति फजील हुसैन को उनके बहनोई मो. इलियास ने घर में घुसकर गोली मार दी।

# रमेश अरोड़ा 19वी बार सहारनपुर क्लॉथ मर्केंटाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने, लोगों में खुशी

लोकतंत्र की आवाज



साजिद सलमानी जिला ब्यूरो चीफ
सहारनपुर।पिछले 18 बार से सहारनपुर क्लॉथ मर्केंटाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर चले आ रहे रमेश अरोड़ा को व्यापारियों ने इस बार भी अध्यक्ष चुना है मजे की बात यह रही कि रमेश अरोड़ा के सामने किसी ने फार्म भी नहीं भरा सहारनपुर क्लॉथ मर्केन्टाईल एसोएिसएशन रजि. सहारनपुर का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन देर सांय श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर नुमाईश कैम्प में बड़ी धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुम्बर,विशिष्ट अतिथि डा.अजय सिंह महापौर एवं व्यापारी नेता शीतल टण्डन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रवज्जलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

शीतल टण्डन द्वारा कार्यक्रम संचालन किया गया इस अवसर पर सहारनपुर क्लॉथ मर्केन्टाईल एसोएिसएशन के 18 वर्षों से लगातार अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहे रमेश अरोडा ने बताया कि सहारनपुर क्लॉथ मर्केन्टाईल एसोएिसएशन कम्पनी के रूप में भी काम कर रही है जिसके चार डायरेक्टर है किशन किशोर मानकटला, अनिल छाबडा पंकज धमीजा और रमेश अरोडा। इन्हीं के द्वारा जो प्रोजेक्ट नई मार्किट बनाने का शुरू किया गया है, समस्त अधिकार डायरेक्टर्स के पास हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का प्रायोजक प्रकाश चन्द एण्ड सन्स किशोर एण्ड कम्पनी जीएम मुकेश कुमार गांधी बदर्स मै.एनएसएस एन्टर प्राईजेज चरणजीत एण्ड सन्स धमीजा टैक्सटाईल्स चावला ट्रेडिंग कम्पनी के सहयोग से इस कार्यक्रम को करने में इनका पूर्ण सहयोग रहा है। अरोड़ा ने बताया कि हमारी संस्था में अध्यक्ष महामंत्री से ऊपर एक समीक्षा की कमेटी होती है जिसमें 11 सदस्य बनाये जाते है जिसका कार्य अध्यक्ष महामंत्री व कार्यकारिणी पर पूरा ध्यान रखना होता है।समीक्षा कमेटी के सदस्य विजय मोंगा त्रिलाक चावला किशन लाल बजाज देवेन्द्र नारंग सुरेश छाबडा किशन किशोर मानकटला हरीश खुंगर अनिल छाबडा पंकज धमीजा अनुराग मलिक, स.अरविन्दर सिंह चावला।अतिथि व्यापारी नेता शीतल टण्डन द्वारा शपथ ग्रहण करायी गयी जिसमें अध्यक्ष पद पर रमेश अरोड़ा महामंत्री पद पर द्वारका नाथ बजाज कोषाध्यक्ष पद पर सुनील धमीजा निर्वाचित घोषित किय गये। गुलशन भण्डारी उपाध्यक्ष संयम सेठ उपसचिव शिवम सेठी को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। पंच महेन्द्र पाल चावला पंच मुकेश मानकटला पंच पुनीत शाह को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।सदस्य कार्यकारिणी के रूप में रमेश अरोड़ा डोडा, प्रदीप नागपाल प्रेम अरोड़ा राजीव भारती नीरज गोयल स.जितेन्द्र सिंह नरूला राजीव डंग हर्षित राठी अर्जुन ललित को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुम्बर द्वारा राज्यकर विभाग से अमित पाठक ज्वाइंट कमिश्नर (कार्यपालक) राजीव कुमार शाक्य डिप्टी कमिश्नर खण्ड-4, राज्यकर विभाग सहारनपुर को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि महापौर डा.अजय सिंह द्वारा अरूणेश यादव डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) राज्यकर विभाग खण्ड-1 सहारनपुर राजेश कुमार अरोड़ा पंजाब नेशनल बैंक श्रीमती नेहा मोगा प्रबन्धक इंडियन ओवरसीज बैंक यमुनानगर को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।संयुक्त रूप से सीए संजय ढींगरा, गौरव बेदी स.मनमीत सिंह बजाज आर्किटेक्ट को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती रूबी सिंह एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 राज्यकर विभाग सहारनपुर,विजयानंद पाण्डेय अपर आयुक्त ग्रेड-2 राज्यकर विभाग सहारनपुर पूर्वा शर्मा एसडीएम रामपुर मनिहारान अनिल कुमार पेगोवाल एड0,मुकेश त्यागी एड0, किसी कारण से उपस्थित नहीं हो पाये। उनके अंगवस्त्र व प्रपत्र उनके कार्यालय में जाकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंजाबी वेलफेयर संगठन के अध्यक्ष नीरज अरोडा द्वारा अध्यक्ष रमेश अरोडा का सम्मान किया गया। सहारनपुर क्लॉथ मर्केन्टाईल एसोएिसएशन के सभी सदस्य वह मार्केट के व्यापारी उपस्थित रहे रायवाला क्लॉथ मार्किट के अध्यक्ष,अजय कालड़ा महामंत्री संजय अरोड़ा कोषाध्यक्ष दीपक सचदेवा व पूर्व अध्यक्ष गुलशन धींगडा व राजकुमार उपस्थित रहे। ये कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## लगातार 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश से देवबंद का जनजीवन अस्त-व्यस्त, बाजारों में पसरा सन्नाटा



लोक तंत्र की आवाज

असद सिद्दीकी
देवबंद। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में पिछले 24 घंटे से अधिक समय से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार वर्षा के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई प्रमुख मार्गों पर पानी भर जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश का सबसे अधिक असर नगर के व्यापारिक क्षेत्रों पर देखने को मिला। सामान्य दिनों में चहल-पहल से गुलजार रहने वाले बाजारों में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। खराब मौसम और लगातार हो रही बारिश के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बचते रहे, जिससे दुकानों पर ग्राहकों की संख्या बेहद कम रही। व्यापारियों का कहना है कि लगातार बारिश के चलते कारोबार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

वहीं, कई निचले इलाकों में जलभराव के कारण स्थानीय निवासियों को दैनिक कार्यों के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश के चलते स्कूल, कार्यालय और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मौसम में आई इस तब्दीली से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को उमस से राहत तो मिली है, लेकिन लगातार हो रही वर्षा ने जनजीवन की रफ्तार थाम दी है। यदि आने वाले समय में भी बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो जलभराव और अन्य समस्याएं और गंभीर हो सकती हैं।

## बिजनौर के गांव रतनगढ़ के रहने वाले डॉक्टर हार्ट के स्पेशलिस्ट व गरीबो के मशीहा



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट जसवीर सिंह
बिजनौर। तहसील चांदपुर के गांव रतनगढ़ के रहने वाले डॉक्टर हार्ट के स्पेशलिस्ट व गरीबो के मशीहा डॉ राम प्रकाश त्यागी जी जो लंबे समय से क्षेत्र की जनता की सेवा अपनी चिकित्सा के माध्यम से कर रहे थे आज मेरठ में उन्होंने अंतिम सांस ली ऐसे समाज सेवी सदैव जनता के हितों को ध्यान में रखने वाले परम पूज्य डॉ राम प्रकाश त्यागी ने जनता के हित मे हीं काफ़ी योगदान दिया उनकी मौत की खबर सुनकर क्षेत्र में गम का माहौल छा गया

## यूपी में नदी उफनाई, हाईवे डूबे, घरों-दुकानों में घुसा पानी

लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट जसवीर सिंह
यूपी ।मानसूनी बारिश से हालात अब बिगड़ने लगे हैं। गुरुवार सुबह से नोएडा, मथुरा, मेरठ, बुलंदशहर समेत 50 शहरों में तेज बारिश हो रही है। नोएडा-गाजियाबाद में इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया।बुलंदशहर में दुकानों और घरों में पानी घुस गया। बागपत में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर 2 फीट तक पानी भर गया। कई बाइकें जलभराव में फंसकर बंद हो गईं। सहारनपुर की सहंश्रा नदी में अचानक तेज उफान आ गया। महिला समेत 3 लोग बाइक सहित बहने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें खींचकर निकाला।



बारिश के चलते मथुरा, संभल और हाथरस में 8वीं तक, मेरठ में 9वीं तक और गाजियाबाद में 12वीं तक स्कूल बंद कर दिए गए। बारिश से जुड़े हादसों में पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 4 लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज में दो और अलीगढ़ में एक महिला की पानी में करंट उतरने से मौत हो गई। वहीं, हापुड़ में घर ढहने से एक महिला की जान चली गई। मौसम विभाग ने आज सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।इनमें से 27 जिलों में रेड अलर्ट है। यानी इन जिलों में भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। इस सीजन में पहली बार रेड अलर्ट जारी हुआ है। कल यानी बुधवार की बात करें तो 71 जिलोंबारिश हुई।सबसे अधिक 144.4 मिमी बारिश चित्रकूट में रिकॉर्ड की गई।उत्तर प्रदेश में मानसून की भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। 50 से अधिक शहरों में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसमें चार लोगों की मौत हो चुकी है। पहली बार 27 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है और पांच जिलों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

## जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय एवं परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। आज जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद सभागार में जिला विद्यालय एवं परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने समस्त विद्यालयों में संचालित वाहन व्यवस्था की सुरक्षा एवं मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की।



डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों के वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित किए जाएं। प्रत्येक विद्यालय यह सुनिश्चित करे कि वाहनों का फिटनेस प्रमाणपत्र, वैध बीमा, परमिट, प्रदूषण प्रमाणपत्र तथा चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो।विद्यालय वाहनों में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार किट, जीपीएस एवं सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि वाहनों का संचालन केवल प्रशिक्षित एवं अनुभवी चालकों द्वारा किया जाए तथा चालक एवं परिचालक का चरित्र सत्यापन भी समय से कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विद्यालय प्रबंधन एवं वाहन संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं के अभिभावकों से वाहन दिया है कि नहीं उसका एक प्रमाण पत्र प्राप्त करने निर्देश दिए।इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, पुलिस विभाग तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वृहद वृक्षारोपण अभियान-2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरखेड़ा में वृक्ष भंडारा आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। वृहद वृक्षारोपण अभियान-2026 के अंतर्गत आज दिनांक 09 जुलाई 2026 को मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती नेहा ब्याडवाल के निर्देशन में विकासखंड बावन की ग्राम पंचायत बरखेड़ा में वृक्ष भंडारा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को आम, अमरूद, बरगद, कटहल, पीपल, सहजन सहित कुल 12 प्रजातियों के पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया तथा सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं लगाए गए पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि "आज का वृक्षारोपण, आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य में हमारा सामाजिक निवेश है।" उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने, अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत अन्नपूर्णा भवन, बरखेड़ा के समक्ष सहजन का पौधारोपण भी किया गया।इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी तथा हरित एवं सतत भविष्य के निर्माण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी बावन डॉ. राम प्रकाश, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) डॉ. प्रदीप कुमार, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लखनऊ के केकेसी में एलएलबी में 340 सीटें, एक सीट पर तीन से अधिक दावेदार; आवेदन एक हजार से ज्यादा

लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) में इस शैक्षिक सत्र में कुछ पाठ्यक्रम ऐसे हैं जहां सीटों के सापेक्ष कई गुणा आवेदन आए हैं।



इनमें एलएलबी तीन वर्षीय, बीए, बी.कॉम, बीबीए, बीसीए सहित कई पाठ्यक्रम शामिल हैं। आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर दस जुलाई कर दी गई है। कालेज प्रशासन जल्द ही मेरिट और काउंसिलिंग की समय सारिणी जारी करेगा।

प्रवेश संयोजक प्रो. राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में 340 सीटों के सापेक्ष 1080 आवेदन आ चुके हैं। यानी एक सीट पर तीन से अधिक दावेदार हैं। इसी तरह बी.कॉम में 880 सीटों पर 1200, बीए में 880 सीटों के सापेक्ष 1400 और बीएससी बायो में 420 सीटों पर 650 आवेदन आ चुके हैं। इसके अलावा बीबीए में 60 सीटों पर 284, बीसीए में 160 सीट पर 180 और एम.काम में 60 सीटों पर 120 आवेदन हो चुके हैं। अभी 10 जुलाई तक अभ्यर्थियों के पास मौका है। उसके बाद अगले सप्ताह स्नातक की मेरिट सूची जारी कर काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कांवड़ यात्रा, नाग पंचमी, रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी की तैयारियों की समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता हरदोई
हरदोई। आज जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद सभागार में कांवड़ यात्रा, नाग पंचमी, रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी पर्वों की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पर्वों शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण कर सड़क मरम्मत, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा तथा बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, नगर निकायों को विशेष स्वच्छता अभियान चलाने तथा स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस एवं चिकित्सा टीमों को सतर्क रखने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा मिलावटी खाद्य सामग्री के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखें। शांति समिति के सदस्यों, धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आपसी सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि घाटों पर लाइट की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। तथा डीजे में किसी भड़कव गाने, पोस्टर आदि का प्रदर्शन नहीं किया जायेगा और अवारा पशुओं भीड़ देखकर भड़क सकते है इसलिए अवारा पशु रोड पर नहीं दिखने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी मन्दिरों पर खोया पाया केंद्र और पूलिस कंट्रोल रूम भी स्थापित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कहा कि श्रवण मास पर्वों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे। प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए आवश्यक डायवर्जन एवं सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। तथा डीजे की लंबाई 12 फिट से अधिक नहीं होना चाहिए। एवं सीसीटीवी कैमरा से भीड़ की निगरानी की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नेहा व्याडवाल, अपर जिलाधिकारी राजस्व दीपाली भार्गव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सीएमओ भावनाथ पाण्डे, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, नगर निकायों के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, स्वास्थ्य, परिवहन, खाद्य सुरक्षा, तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुंगेर: माताडीह पंचायत जनता की डिमांड पर आ रहे हैं : मुखिया प्रत्याशी के रूप में समाजसेवी, वर्तमान वार्ड पार्षद अनिल बिंद




लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह
ब्यूरो चीफ मुंगेर । मुंगेर पंचायत चुनाव नजदीक आ रहा है चुनाव की सरगर्मी प्रत्याशी एवं देव तुल्य मतदाता ,जनता जनार्दन, युवा नौजवान के जुबान पर हर चौक ,चौराहा, चाय की दुकान हो ,या मिठाई का दुकान हो ,हॉट हो या बाजार हो हर जगह चर्चाओं का बाजार जोर–जोर से चल रहा है ! धरहरा प्रखंड के माताडीह पंचायत से सुयोग, कर्मठ, जुझारू , समाजसेवी ,जनता जनार्दन की डिमांड पर उनकी सेवा के लिए ! मुखिया पद के लिए माताडीह पंचायत से नि वर्तमान वार्ड पार्षद अनिल कुमार बिंद मैदान में जनता की मांग पर किस्मत आजमाने का फैसला ले चुके हैं , माताडीह पंचायत की जनता एवं समस्त पंचायत वासी में मुखिया प्रत्याशी के पद से अनिल बिंद का नाम हर जगह ,हर किसी के जुबान पर बोला जा रहा है ! बातचीत के दौरान अनिल बिंद ने बताया कि जनता, पंचायत वासी की अगर मांग है तो मैं चुनाव के मैदान में मुखिया प्रत्याशी के रूप में आ रहा हूं ,और मैं पूर्व से माताडीह पंचायत का सेवक के रूप में कार्य कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा! अनिल बिंद की पकड़ युवा साथी ,बुजुर्ग ,नौजवान हर वर्ग का साथ और समर्थन इन्हें प्राप्त है हर समुदाय ,हर वर्ग का सहयोग अनिल बिंद ने किया है ! पक्षपात से अनिल बिंद हमेशा कोसों दूर रहे हैं! निस्वार्थ ,परोपकार की भावना अनिल बिंद के अंदर कूट–कूट के भरा हुआ है ! माताडीह पंचायत वासी हमेशा प्रसन्नऔर खुश रहते हैं! माताडीह पंचायत बासी में उत्साह है कि हमारे पंचायत का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक युवा समाजसेवी आ रहे हैं अनिल बिंद के पंचायत चुनाव में मुखिया प्रत्याशी के रूप में आने से पंचायत बासी में खुशी व्याप्त है!

### जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल टीवीएस शोरूम का किया उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह
मुंगेर ब्यूरो। आज मुंगेर महापौर श्रीमती कुमकुम देवी के पुत्र अविनाश कुमार एवं रवि कुमार जी का विवान टी0वी0एस0 शोरूम नौवागढ़ी का भव्य उद्घाटन एवं शुभारंभ माननीय विधायक जमालपुर श्री नचिकेता मंडल एवं मुंगेर विधायक श्री कुमार प्रणय जी के द्वारा किया गया ! शुभारंभ के मौके पर मुंगेर की महापौर श्रीमती कुमकुम देवी ! नवस्थापित विवान TVS शोरूम के भव्य उद्घाटन समारोह में जनता दल (यूनाइटेड) मुंगेर के जिलाध्यक्ष आदरणीय श्री सौरभ निधि जी एवं जमालपुर के लोकप्रिय विधायक आदरणीय श्री नचिकेता मंडल जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।इस अवसर पर उन्होंने नए प्रतिष्ठान के सफल संचालन की शुभकामनाएँ देते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह नया शोरूम क्षेत्र में बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापार को भी नई गति प्रदान करेगा।विवान TVS परिवार को इस नई शुरुआत के लिए हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ।

### साहिबगंज : एबीवीपी स्थापना दिवस पर युवाओं को जुड़ने का किया आह्नान




लोकतन्त्र की आवाज़
साहिबगंज। बरहेट अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरहेट इकाई की ओर से स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया । इस कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मंत्री राज स्वर्णकार ने किया वही मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख देवाशीष पांडे , शिक्षक राजू साह शामिल हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल छात्र हितों के आंदोलनों तक सीमित नहीं है , बल्कि रक्तदान, स्वच्छता अभियान और विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार सिद्ध कर रही है । उन्होंने युवाओं से संगठन की राष्ट्रहित की गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया । राजू साह ने स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर युवाओं को चलने का अहान किया । मौके पर अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे ।

# जिला नागरिक परिषद की पहली बैठक, जनसहभागिता से विकास कार्यों को मिलेगा बल : प्रभारी मंत्री दामोदर रावत

लोकतंत्र की आवाज



**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** जिला समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला नागरिक परिषद की पहली बैठक परिवहन मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री दामोदर रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि जिला नागरिक परिषद प्रशासन और आमजन के बीच सशक्त समन्वय स्थापित करने का प्रभावी मंच है, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

बैठक का शुभारंभ प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष के रूप में उनका स्वागत किया गया तथा परिषद के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का अभिनंदन किया गया।

अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि परिषद के सदस्य समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, जनअपेक्षाओं और विकास संबंधी सुझावों से प्रशासन को अवगत कराएं तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी में रचनात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को परिषद के सदस्यों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने और प्राप्त सुझावों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) राजेश सिंह ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिला नागरिक परिषद के गठन का उद्देश्य, कार्यप्रणाली, सदस्यों की भूमिका एवं दायित्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद शासन और समाज के बीच संवाद को मजबूत करने का माध्यम बनेगी तथा जनसुझावों के आधार पर विकास योजनाओं और लोकसेवाओं के क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

बैठक के दौरान परिषद के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न जनहित के मुद्दों पर अपने सुझाव रखे। प्रभारी मंत्री ने सभी सुझावों पर सकारात्मक पहल का भरोसा देते हुए कहा कि जिला नागरिक परिषद को जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बनाया जाएगा।

परिषद के उपाध्यक्ष वृंद शाह और सुनील कुमार बनाए गए हैं। परिषद में अनिल कुमार सिंह 'बाबा', प्रेमलता, प्रेम पासवान, रणजीत कुमार, छेदीलाल भरतिया, मोहम्मद तौहीद अंसारी, रूपांजलि, मोहन मल्लिक, राकेश कुमार राज, विशुनदेव सिंह एवं बैजनाथ झा सदस्य हैं।

बैठक में रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार, समस्तीपुर विधायक अश्वमेघ देवी, नगर निगम की महापौर अनीता राम, विभिन्न नगर परिषदों के अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन परिषद के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी सदस्यों एवं अधिकारियों के समन्वित प्रयास के संकल्प के साथ हुआ।




## समारोह पूर्वक मनाया गया सत्यनारायण बाबू की जयंती



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** शहर के शम्भूपट्टी के लाल,महानायक स्व.सत्यनारायण बाबू की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। अध्यक्षता करते हुए सवर्ण जिलाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सिंह ने कहा कि महानायक,, महान स्वतंत्रता सेनानी,देश के सपूत,भारत सरकार के प्रथम केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राजपाल व समस्तीपुर के प्रथम सांसद, स्व.सत्यनारायण बाबू व्यक्तित्व के धनी एवं मृदु भाषी थे। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर डीएम, एसपी,विधायक अश्वमेघ देवी,विधायक विरेंद्र कुमार,हीरा सिंह उर्फ अनुपम सिंह, दुर्गेश राय,मेयर अनीता राम,उप मेयर राम बालक पासवान, किशोरी प्रसाद सिंह,सुधाकर सिंह, डॉ.आरक दिवाकर,संजय सिंह,डोली कुमारी आदि मौजूद रहे।

## बालविवाह कानून को प्रभावी ढंग से रोकथाम के लिए बैठक सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज




**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड कार्यालय स्थित ट्रायसम भवन में बालविवाह कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण चंद्र गुप्ता ने की।

अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण चंद्र गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है। इसे समाप्त करने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज की भी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।उन्होंने सभी संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने, संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तत्काल प्रशासन को देने तथा कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।बैठक में बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। यह स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह कराने या इसमें सहयोग करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी धर्मगुरुओं, विवाह भवन संचालकों एवं डीजे संचालकों से अपील की गई कि वे बाल विवाह की किसी भी घटना की सूचना प्रशासन को दें और इस सामाजिक बुराई को रोकने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक की शुरुआत में सभी उपस्थित लोगों ने बाल विवाह मुक्त समाज बनाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार के निर्देश पर प्रखंड एवं पंचायत स्तर के सभी संबंधित पदाधिकारी, प्रमुख रश्मि कुमारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, सरपंच, पंचायत सचिव, थाना प्रभारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निलेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. छोटे लाल, कल्याण पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारी जाहिद इमाम, महिला पर्यवेक्षिका, विकास मित्र, जीविका के सीएलएफ अध्यक्ष, दीदी, काजी, पुजारी, डीजे संचालक और विवाह भवन संचालक सहित कई आमंत्रित लोग उपस्थित रहे।

## धनरुआ: महिला के साथ मासूम बच्चे को बेचने में पांच लोग हुए गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज




**धनंजय कुमार**
**धनरुआ।** धनरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है मामला बताया जा रहा है जहां पर पांच लोग मिलकर गांव के ही एक महिला और उनके बच्चे को बहला फुसलाकर राजस्थान में ले जाकर जबरन बेच दिया और बहा पुनः अपने घर बापास आ गया इधर परिजन ने अपने परिवार को खोजने लगे लेकिन नहीं मिला जब परिवार उन पांचों से पुछा तो बतलाएं कि हम नहीं जानते है लेकिन परिवार बाले धनरुआ पुलिस को एक अबेदन दिया धनरुआ थाना प्रभारी अमित कुमार ने धनरुआ ने पंचों से काडाई से पुंछ ताश कि तो बतलाएं कि हम पंचों मिलकर राजस्थान में बेच दिया है पांचों को न्यालय में में भेजा धनरुआ थाना क्षेत्र में मानव तस्करी के मामले में पांच लोग गिरफ्तार एक महिला और एक बच्चे हैं शामिल आरोपी सुशीला देवी- सुषमा देवी सुनीता देवी नीलू देवी अनिल राम गिरफ्तार किया गया है इसे विरोध विरोध भारतीय न्यायालय संस्था वीनस बीएसकि धारा 111 143। 143(*) १४* ,,(4)143(5) तथा जुब्लैंड जस्टिस केयर एंड प्रोडक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन के विरोध कार्रवाई की गई है

## विधायक मुरारी पासवान का प्रयास रंग लाया, कटाव का काम अब होगा

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती के विकास को मिली नई गति । गंगा कटाव निरोधक कार्य एवं प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय ने संबंधित विभागों को दिए आवश्यक निर्देश। पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर माननीय विधायक श्री मुरारी पासवान के सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार सरकार द्वारा विधायक श्री मुरारी पासवान के अनुरोध पर दो महत्वपूर्ण जनहित के विषयों पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।

पहला विषय बटेश्वर स्थान से एकचारी दियारा तक गंगा नदी से हो रहे तीव्र कटाव को रोकने हेतु युद्धस्तर पर कटाव निरोधक कार्य से संबंधित है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने इस संबंध में जल संसाधन विभाग को पत्र भेजकर नियमानुसार जांच कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने तथा इसकी सूचना विधायक एवं मुख्यमंत्री सचिवालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

दूसरा महत्वपूर्ण विषय पीरपैंती प्रखंड के प्रस्तावित डिग्री कॉलेज को सुंदरपुर स्थित कृषि फार्म में स्थापित करने से संबंधित है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय ने उच्च शिक्षा विभाग को पत्र भेजकर प्रस्ताव पर नियमानुसार विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने तथा इसकी सूचना विधायक एवं मुख्यमंत्री सचिवालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

इस अवसर पर विधायक श्री मुरारी पासवान ने कहा कि पीरपैंती की जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गंगा कटाव से प्रभावित लोगों की सुरक्षा एवं क्षेत्र में उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी जनहित के प्रत्येक मुद्दे को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे।

## पूसा में बिजली संकट पर आरवाईए ने उठाए सवाल, सुधार नहीं लोग उग्र आंदोलन

लोकतंत्र की आवाज



**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** जिले के पूसा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली आपूर्ति बाधित रहने की समस्या को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने विद्युत विभाग पर सवाल उठाए हैं। संगठन के जिला सचिव रौशन कुमार ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि हल्की बारिश या तेज हवा के दौरान भी कई गांवों में घंटों बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने दावा किया कि अनियमित बिजली आपूर्ति का असर किसानों की सिंचाई, विद्यार्थियों की पढ़ाई, छोटे कारोबार और घरेलू कार्यों पर पड़ रहा है। साथ ही, बिजली पर निर्भर सात निश्चय योजना के तहत संचालित हर घर नल-जल योजना भी प्रभावित हो रही है, जिससे कई स्थानों पर पेयजल संकट की स्थिति बन जाती है।

रौशन कुमार ने आरोप लगाया कि जर्जर बिजली तारों और तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए पर्याप्त पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने, जर्जर उपकरणों को बदलने तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आम जनता के सहयोग से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में विद्युत विभाग का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है।

## मुंगेर से ज्ञानचंद पटेल जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

लोकतंत्र की आवाज



■ वरिष्ठ जदयू नेता ज्ञानचंद पटेल बने प्रदेश उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह**
**ब्यूरो चीफ मुंगेर।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता ज्ञानचंद पटेल को पार्टी द्वारा बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने की घोषणा के बाद जिले भर के जदयू कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल है। उनके मनोनयन को संगठन के प्रति उनकी वर्षों की निष्ठा, सक्रियता और राजनीतिक अनुभव का सम्मान माना जा रहा है। पार्टी कार्यालय में मनोनयन की सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि ज्ञानचंद पटेल जमीनी स्तर से जुड़े नेता हैं और पार्टी संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**कार्यकर्ताओं ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं :** इस अवसर पर जदयू के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ज्ञानचंद पटेल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। बधाई देने वालों में जदयू प्रखंड अध्यक्ष नवीन सिंह, ब्यास कुमार शर्मा, जदयू संगठन प्रभारी प्रेम सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुज सिंह, जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष रितेश कुमार, जिला रोगी कल्याण समिति सदस्य दीनबंधु सिंह, अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष रवि बिंद, विजय तांती, संजय मंडल, प्रमोद मंडल, जदयू जिला महासचिव (मीडिया सेल) धर्मेंद्र कुमार, जदयू नेत्री बबीता राय, जदयू नेता वरुण सिंह, पूर्व मुखिया बबन सिंह सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने कहा कि ज्ञानचंद पटेल ने हमेशा पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को संगठित करने का काम किया है। प्रदेश स्तर पर उन्हें मिली यह जिम्मेदारी पूरे जिले के लिए गौरव की बात है।

**संगठन को मिलेगी नई मजबूती :** कार्यकर्ताओं ने कहा कि ज्ञानचंद पटेल के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से जदयू संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उनके नेतृत्व में पार्टी बिहार में और अधिक सशक्त होकर जनता के बीच अपनी भूमिका निभाएगी। उनके मनोनयन से युवा कार्यकर्ताओं में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

जदयू नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि ज्ञानचंद पटेल अपने अनुभव और कुशल नेतृत्व से पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगे तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मनोनयन के बाद ज्ञानचंद पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, लोडेड कट्टा व कारतूस बरामद



**सहरसा संवादाता।** बनमा थाना पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को लोडेड देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इटहरी पंचायत के लक्ष्मिया गांव निवासी नीरज कुमार (पिता- सिबो यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बनमा थाना पुलिस संध्या गश्ती कर वापस थाना लौट रही थी। इसी दौरान तेलियाहाट बाजार से बनमा चौक की ओर आ रही काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार युवक ने पुलिस वाहन को देखते ही बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस को उसकी गतिविधि संदिग्ध लगी, जिसके बाद सशस्त्र बल के सहयोग से उसे घेरकर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान युवक के कमर से एक लोडेड देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बाद में की गई विस्तृत तलाशी में उसके पास से कुल एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद हथियार और कारतूस को जब्त कर पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। जिसकी जानकारी सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर जानकारी दिया। वही इस संबंध में बनमा थाना में कांड संख्या 134/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मोतिहारीः हरसिद्धि - छपवा मुख्य मार्ग स्थित एचपी गैस बॉटलिंग प्लांट के समीप दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** हरसिद्धि-छपवा मुख्य मार्ग स्थित एचपी गैस बॉटलिंग प्लांट के पास एक दर्दनाक हादसे में 28 वर्षीय राजेश कुमार की स्टील वायर के टोचन में गर्दन फंसने से मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फंसे हुए गैस टैंकर को बाहर निकालने के लिए एक स्टील वायर (टोचन) बांधी गई थी। इसी दौरान वायर की चपेट में आने से उसकी गर्दन फंस गई। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई है। वहीं घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया। तथा सरकार से मुआवजे की मांग करने करने लगें। सूचना पर पुलिस एवं प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर इस घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### 8 जुलाई को 11,782 सिलेंडरों की हुई होम डिलीवरी, गैस आपूर्ति पर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा/पश्चिम चम्पारण।** जिले में घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 14.2 किलोग्राम के 35,528 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के 2,199 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 8 जुलाई को जिलेभर में कुल 11,782 गैस सिलेंडरों की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी की गई। जिला प्रशासन का प्रयास है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी अनावश्यक विलंब के समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अपर समाहर्ता ने बताया कि गैस आपूर्ति एवं वितरण से संबंधित प्राप्त हो शिकायतों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शिकायतों के निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस बुकिंग, डिलीवरी या आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की देरी, अनियमितता अथवा शिकायत होने पर जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष 06254-247002 एवं 06254-247003 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# बाल विवाह की आड़ में मानव तस्करी का प्रयास विफल, राजस्थानी दूल्हे सहित चार गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

बाल विवाह की आड़ में मानव तस्करी का प्रयास नाकाम



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
दिनांक 08/07/26 को प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि राजस्थान के कुछ व्यक्तियों द्वारा रक्सौल की नाबालिग लड़कियों से चोरी- छिपे विवाह कर, शादी की आड़ में मानव तस्करी किए जाने की संभावना है। सूचना के आधार पर प्रयास द्वारा संबंधित एजेंसियों को अवगत कराते हुए एक संयुक्त टीम गठित की गई। जिसमें सर्किल ऑफिसर, रक्सौल, हरैया थाना, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण, बिहार मानव तस्करी रोधी इकाई, एसएसबी 47वीं वाहिनी, स्वच्छ रक्सौल संस्था; तथा न्याय नेटवर्क परियोजना शामिल थीं। संयुक्त टीम ने स्रोत द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पाया गया कि शादी की पूरी तैयारी कर ली गई थी और मंडप भी तैयार था। नाबालिग लड़की पूजा कुमारी (बदला हुआ नाम), उम्र लगभग 14 वर्ष, की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान बच्ची ने बताया कि उसके परिवार द्वारा जबरन शादी कराई जा रही है। उसने यह भी बताया कि राजस्थान से कुछ लोग पिछले चार दिनों से रक्सौल स्थित राजेश्वर होटल में ठहरे हुए हैं, उसकी सौतेली मां को कुछ पैसे दिए गए हैं, तथा लड़के द्वारा घर का सामान और गहने देने का प्रलोभन भी दिया गया है। सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी रक्सौल के निर्देश पर हरैया थाना, रक्सौल थाना, एसएसबी 47वीं वाहिनी और प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण की टीम प्राइवेट होटल पहुंची और रूम नंबर 209 से चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ और जन्म सत्यापन संबंधी दस्तावेजों की जांच में पता चला कि नाबालिग लड़की की उम्र 14 वर्ष है, जबकि विवाह करने वाला व्यक्ति 35 वर्ष का है। चारों व्यक्ति राजस्थान के रहने वाले हैं और आपस में मित्र हैं। जब विवाह करने वाले व्यक्ति से लड़की का नाम और उसके माता-पिता का नाम पूछा गया, तो वह जानकारी नहीं दे सका। जांच में यह भी सामने आया कि इन चारों में से एक व्यक्ति के द्वारा यह विवाह कराया जा रहा था। उचित प्रक्रिया अपनाते हुए नाबालिग लड़की को संरक्षण में लिया गया। सर्किल ऑफिसर, रक्सौल; हरैया पुलिस थाना, रक्सौल; प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण; मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटीयू); एसएसबी 47वीं वाहिनी; स्वच्छ संस्था, रक्सौल; एवं न्याय नेटवर्क की संयुक्त कार्रवाई में राजस्थान निवासी दूल्हे सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद चारों व्यक्तियों को हरैया थाना लाया गया, जहां पंचायत के मुखिया और सरपंच की उपस्थिति में नाबालिग लड़की के परिजनों से जानकारी ली गई। चारों व्यक्तियों के विरुद्ध बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 तथा मानव तस्करी/ट्रैफिकिंग के तहत् हरैया थाना में कार्यरत सब इंस्पेक्टर मिंटू कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई। मौके पर हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान, सब इंस्पेक्टर मिंटू कुमार, सिपाही मिथुन कुमार मांझी, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता, अभिषेक कुमार, किरण वर्मा, उमेश कुमार श्रीवास्तव, आशीष कुमार, मानव तस्करी रोधी इकाई, एसएसबी 47वीं वाहिनी रक्सौल के खेमराज और अरविंद द्विवेदी, न्याय नेटवर्क परियोजना से आरती कुमारी, स्वच्छ संस्था से रंजीत सिंह, साबरा खातून आदि उपस्थित थे। पूछताछ और उपलब्ध तथ्यों के निष्कर्ष के आधार पर यह प्रतीत होता है कि चोरी-छिपे विवाह कराना, विवाह में लड़के के पक्ष से किसी परिजन की अनुपस्थिति, तथा पैसे और सामान का लालच देकर गरीब परिवार को फंसाना गंभीर संदेह पैदा करता है। इससे यह आशंका और प्रबल होती है कि शादी की आड़ में मानव तस्करी का प्रयास किया जा रहा था।

# ढाई माह पहले हुई शादी, नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

मायके पक्ष ने पति पर दहेज हत्या का लगाया आरोप, फोरेंसिक जांच के बाद होगी कार्रवाई



26
लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
बगहा। पुलिस जिला बगहा के चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हूआ चौतरवा गांव में गुरुवार सुबह एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चौतरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, बगहा भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच में जुटी है। मृतका की पहचान कोल्हूआ चौतरवा निवासी दीपु बैठा की 20 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुनीता की शादी 21 अप्रैल 2026 को भैरोगंज थाना क्षेत्र के तोनवा त्रिभौनी गांव निवासी दिनेश बैठा की पुत्री के रूप में दीपु बैठा से हुई थी। शादी के महज ढाई माह बाद हुई इस संदिग्ध मौत से दोनों परिवारों के साथ पूरे इलाके में शोक और चर्चा का माहौल है।

घटना के बाद मृतका के मामा मुन्ना बैठा ने सुनीता की मौत को दहेज हत्या बताते हुए पति दीपु बैठा पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विवाह के बाद से ही सुनीता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था और अंततः उसकी हत्या कर दी गई। मायके पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर, चौतरवा थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों से आवेदन प्राप्त होने के बाद उसे केस डायरी में शामिल किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल मौत के कारणों को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। सभी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की निष्पक्ष एवं वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है।

# मोतिहारीः घोड़ासहन प्रखंड अंतर्गत झरोखर पंचायत भवन में सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** दिनांक 09.07.2026 को घोड़ासहन प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन झरोखर में विजय कुमार अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना, ढाका द्वारा एसएसबी के सौजन्य से वाइब्रेंट विलेज-क्क कार्यक्रम के तहत् नारी सशक्तिकरण एवं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत् क्षेत्र की युवतियों एवं महिलाओं को 30 दिवसीय सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। झरोखर में उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत् 20 युवतियों एवं महिलाओं ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया तथा उनका प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ के अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिकरहना, ढाका, एसएसबी 71वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतिम संस्कार शुल्क 1100 रुपये करने की मांग, पार्षद ने नगर आयुक्त समेत कई अधिकारियों को सौंपा आवेदन

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।**
नगर निगम वार्ड संख्या 31 के पार्षद आशिष रंजन सिंह ने कोरलाही स्थित नगर निगम के शवदाह गृह में अंतिम संस्कार शुल्क गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए 1100 रुपये निर्धारित करने की मांग को लेकर नगर आयुक्त, महापौर और उप महापौर को आवेदन सौंपा है। इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री, कोसी प्रमंडल के आयुक्त तथा जिला पदाधिकारी को भी भेजी गई है। पार्षद ने अपने आवेदन में कहा है कि वार्ड संख्या 44 स्थित कोरलाही शवदाह गृह का संचालन शुरू हो चुका है, लेकिन वहां अंतिम संस्कार का शुल्क गरीब परिवारों के लिए काफी अधिक है। उन्होंने बताया कि सरकार की कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत गरीब, लाचार एवं बीपीएल परिवारों को मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए 3000 रुपये की सहायता देने का प्रावधान है, लेकिन नगर निगम बनने के बाद से अब तक किसी भी पात्र परिवार को इस योजना का लाभ नहीं मिल सका है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को नगर निगम की साधारण बोर्ड की कई बैठकों में उन्होंने तथा अन्य पार्षदों ने भी उठाया और विभिन्न नगर आयुक्तों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। पार्षद ने मांग की है कि वार्ड पार्षद की अनुशंसा पर गरीब, लाचार एवं निर्धन परिवारों के लिए शवदाह गृह का शुल्क मात्र 1100 रुपये निर्धारित करने का आदेश जारी किया जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को राहत मिल सके।

# जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनें नरकटिया के जदयू विधायक विशाल कुमार शाह, पूर्वी चम्पारण जदयू परिवार में हर्ष का माहौल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश के आलोक में बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पूर्वी चम्पारण जदयू के नरकटिया विधायक विशाल कुमार शाह को व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इसको लेकर जदयू पूर्वी चम्पारण परिवार में हर्ष व्यक्त किया है। तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। वहीं पार्टी के पुराने सिपाही व विधानसभा प्रभारी बबन कुशवाहा ने कहा कि व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनें नरकटिया विधायक विशाल कुमार शाह इससे बिहार भर के व्यवसायियों को हर संभव लाभ मिलेगा। साथ ही प्रदेश महासचिव शंभू कुशवाहा, प्रदेश सचिव राजकिशोर ठाकुर, रंजन सिंह पटेल, अमरेन्द्र सिंह, कुणाल पटेल, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा, को बनाएं जानें पर पूर्वी चम्पारण जिला जदयू के अध्यक्ष भरत पटेल सांसद लवली आनंद, केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, विधान परिषद सदस्य बिरेंद्र नारायण यादव, जनाब खालिद अनवर, पूर्व विधायक मो० अब्दुल्ला साहब, पूर्व विधायक रजिया खातून, शिवजी राय, पूर्व विधान परिषद सदस्य सतीश कुमार, दीपक पटेल, जदयू के वरीय नेता बबन कुशवाहा, दिनेश चंद्र प्रसाद, विनय सिंह, संजय सिंह, संजय मोदी, मिथिलेश सिंह, जितेंद्र चौधरी, व्यास सिंह, धीरज चंद्रवंशी, बब्लू श्रीवास्तव, प्रमोद पासवान, ब्रज किशोर ठाकुर, सौरभ कुमार, अमीत शंकर प्रसाद, चुन्नू मिश्रा, बिट्टू सिंह, ध्रुव लाल मांझी, ध्रुव कुशवाहा, ब्रजेश श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, हेमराज राम, कविता सिंह, बृज मोहन गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, उषा श्रीवास्तव, शोभा सिंह, सुमीत प्रसाद, समेत सभी प्रखंड अध्यक्षगणों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# बगहा : पंचायत विकास योजना 2026-27 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा/बेतिया।** पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) 2026-27 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समावेशी ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से गुरुवार को गुरुवलिया रॉयल पैलेस में एक दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को योजना निर्माण और उसके प्रभावी क्रियान्वयन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में जिला प्रोग्रामर मुकेश कुमार एवं पिरामल फाउंडेशन के राजू कुमार ने पंचायत विकास योजना के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायत विकास योजनाओं का निर्माण स्थानीय आवश्यकताओं, जनभागीदारी और क्षेत्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर किया जाएगा, ताकि विकास योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंच सके।

कार्यशाला में सामाजिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना, पेयजल, स्वच्छता तथा आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के निर्माण एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पंचायतों को योजनाओं के बेहतर संचालन और संसाधनों के समुचित उपयोग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि पंचायत विकास योजना के तहत उपलब्ध कुल राशि का 80 प्रतिशत हिस्सा ग्राम पंचायतों, जबकि 10-10 प्रतिशत राशि पंचायत समिति एवं जिला परिषद को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। कार्यशाला में लौरिया, गौनाहा एवं बगहा-1 के प्रमुख, गौनाहा एवं मझौलिया के उप प्रमुख, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन), जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कार्यपालक सहायक, जिला पंचायत संसाधन केंद्र के नोडल पदाधिकारी एवं कर्मी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोतिहारी में यूआईडीएआई का हाईटेक आधार सेवा केंद्र शुरू, लोगों को मिलेगी तेज और पारदर्शी सेवा

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** जिले के लोगों के लिए आधार संबंधी सेवाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज मोतिहारी में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा संचालित अत्याधुनिक आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार ने किया। इस अवसर पर उपमहापौर डॉ. लाल बाबू प्रसाद, यूआईडीएआई राज्य कार्यालय पटना के उपनिदेशक शशि रंजन सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस यह केंद्र पूर्वी चंपारण एवं आसपास के जिलों के लोगों को तेज, सुरक्षित और पारदर्शी आधार सेवाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल भारत के निर्माण में आधार की महत्वपूर्ण भूमिका है और इस तरह के सेवा केंद्र सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बढ़ाने में सहायक होंगे। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों के 5 वर्ष तथा पुनः 15 वर्ष की आयु पूरी होने पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अवश्य कराएं, ताकि छात्रवृत्ति सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा भविष्य में नीट, सीयूईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं के पंजीकरण के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं पत्रकारों से बातचीत के दौरान उपमहापौर डॉ.लाल बाबू प्रसाद ने भी अभिभावकों एवं विद्यालयों से मिशन मोड अभियान के तहत् लंबित बायोमेट्रिक अपडेट शीघ्र पूरा कराने की अपील की। यह आधार सेवा केंद्र सीधे यूआईडीएआई द्वारा संचालित किया जाएगा। इस केंद्र में आधार नामांकन, मोबाइल नंबर अपडेट, पता परिवर्तन, नाम एवं जन्मतिथि सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट, बच्चों का आधार नामांकन तथा 5-7 एवं 15-17 वर्ष के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सभी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। नया आधार नामांकन तथा अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क किया जाएगा, जबकि अन्य सेवाओं के लिए यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित शुल्क ही लिया जाएगा। केंद्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए अलग प्राथमिकता काउंटर, व्हीलचेयर सुविधा, आरामदायक प्रतीक्षालय तथा स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए फीडिंग रूम की व्यवस्था की गई है। इससे विशेष जरूरत वाले लोगों को लंबी कतार में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यूआईडीएआई के अनुसार पहले बिहार में केवल पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और पूर्णिया में ही आधार सेवा केंद्र संचालित थे। अब चरणबद्ध तरीके से अन्य जिलों में भी ऐसे आधुनिक केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। मोतिहारी में यह केंद्र शुरू होने से जिले के लोगों को आधार संबंधी कार्यों के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा तथा सेवाएं अधिक तेज, सटीक और सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध होंगी।

# सोनवर्षा पुलिस ने 50 लीटर विदेशी शराब बरामद की, दो कारोबारी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।**
सोनवर्षा राज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार सुबह थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में छापेमारी कर करीब 50 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद करते हुए दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर दोनों आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर मुख्य बाजार निवासी रोशन विश्वास के घर में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान घर में एक लोहे के बक्से में छिपाकर रखी गई ब्लेंडर्स प्राइड की 750 एमएल की 47 बोतल तथा ऑफिसर्स चॉइस के 180 एमएल के 83 टेट्रा पैक बरामद किए गए। जब्त शराब की कुल मात्रा लगभग 50 लीटर है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने शराब कारोबार के आरोप में रोशन विश्वास एवं मुन्ना विश्वास को गिरफ्तार कर लिया। दोनों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### औरंगाबाद - देवकुंड में धूमधाम से मनाया गया अभाविप का 78वां स्थापना दिवस



**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह,**
गोह (औरंगाबाद)। अभाविप के 78वें स्थापना दिवस पर गोह एवं देवकुंड नगर इकाइयों द्वारा गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवकुंड इकाई की ओर से स्थानीय राजकीय गंगाधारी उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया, जबकि गोह नगर इकाई ने न्यूटन कोचिंग संस्थान में संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने एबीवीपी की संगठनात्मक यात्रा, राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका तथा सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। साथ ही विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रवासी कार्यकर्ता अभय कुमार, एसएफडी प्रांत सह-संयोजक गौरव मिश्रा, विकास कुमार, नगर मंत्री सुबोध कुमार, प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार, शिक्षक छोटू भरद्वाज, शंभू कुमार, राजेश कुमार, रंजन कुमार, शिक्षिकाएं अर्चना कुमारी, बेबी कुमारी एवं नीलम कुमारी सहित एबीवीपी के सदस्य मनीष कुमार, चंदन कुमार, मृत्युंजय कुमार, रूनजय कुमार, शनि कुमार और पियूष उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के इको क्लब के सदस्य छात्र-छात्राओं में खुशी कुमारी, शबनम कुमारी, अनुपम कुमारी, करण कुमार, नीतीश कुमार, जूली, नबिया, अनु एवं ज्योति कुमारी ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### अदाणी फाउंडेशन की ओर से स्कूली बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती/ कहलगांव।** पीरपैंती/कहलगांव। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन द्वारा गुरुवार को पीरपैंती एवं कहलगांव प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को कैरम बोर्ड सहित विभिन्न खेल सामग्रियां उपलब्ध कराई गईं। यह खेल सामग्री पीरपैंती प्रखंड और कहलगांव प्रखंड के गांव नवादा एवं परशुरामचक, नंदगोला, एकडारा, गोघट्टा, किशुनदासपुर आदि गांवों के सरकारी विद्यालयों को प्रदान की गई। खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। फाउंडेशन का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें और भविष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। विद्यालय के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि खेल सामग्री की उपलब्धता से विद्यार्थियों की खेलों में रुचि बढ़ेगी तथा उन्हें नियमित अभ्यास का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों ने भी खेल सामग्री प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की और अदाणी फाउंडेशन के प्रति आभार जताया।

# गया जी : एक करोड़ नये राशन कार्ड बनाने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

**मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी की उपस्थिति में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई**



**लोकतंत्र की आवाज**

**धीरज गुप्ता की रिपोर्ट**
**गया।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रहलाद जोशी के साथ विभागीय योजनाओं एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई है।इस बैठक में खाद्य सुरक्षा को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया हू। इस बैठक में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव रविशंकर, बिहार सरकार में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी है। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग की सभी योजनाओं के लाभार्थियों का व्यापक एवं अद्यतन डेटाबेस तैयार किया जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुँच सके। एक करोड़ नये राशन कार्ड बनाने के लक्ष्य को जल्द प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि बिहार की ऑनलाइन सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रदर्शन सराहनीय है और इसे और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाए। इस बैठक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सफल क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए स्मार्ट वेयरहाउसिंग विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही 'सार्थक पीडीएस मॉडल, उसके विभिन्न मॉड्यूल, तकनीकी संरचना एवं लागत साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन वितरण व्यवस्था की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सम्मानपूर्वक एवं बिना किसी बाधा के खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के 'गरीब कल्याण विद डिग्निटी के संकल्प को धरातल पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य के सभी खाद्यान्न गोदामों (वेयरहाउस) की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे खाद्यान्न का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित हो तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अधिक मजबूत एवं विश्वसनीय बन सके। सभी खाद्यान्न गोदामों में विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ बुनियादी सुविधायें उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के जो सुझाव प्राप्त हुये हैं उसके आलोक में विभाग समन्वय बनाकर तेजी से लक्ष्य को प्राप्त करे। केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी जी ने बिहार आकर योजनाओं की समीक्षा की और बिहार की तरक्की के लिये जो सहयोग का आश्वासन दिया है उसके लिये आभार व्यक्त करते हैं। इस बैठक में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी, बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिवलोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री रविशंकर, बिहार सरकार में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभगा के सचिव श्री दीपक आनंद सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मातृत्व जांच शिविर में 505 गर्भवती माताओ की हुई जांच, दी गई आवश्यक दवाइयां



**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-वारिसलीगंज के माफी गढ़ स्थित रेफरल अस्पताल में गुरुवार को प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर आयोजित हुई। जिसमें प्रखंड व नगर क्षेत्र से जांच के लिए पहुंची 505 गर्भवती माताओ की विभिन्न प्रकार की जांच उपरांत आवश्यक दवाई एवं सुझाव दिया गया।कई महिलाओं को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए बाजार जाना पड़ा।बता दें की पिछले छह साल से अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के जांच की व्यवस्था नहीं है।अस्पताल में नई मशीन आकर रखी हुई है,परंतु ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं है।जिस कारण गर्भवती माताओ की जांच महंगे कीमत बाजार में करवाना पड़ रहा है।अस्पताल की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.आरती अर्चना के नेतृत्व में आयोजित जांच शिविर में गर्भावस्था में गंभीर रोगों से ग्रसित और आपरेशन कराने वाली महिलाओं को नवादा रेफर करने का निर्देश दिया गया।अस्पताल पहुंची 25 गर्भवती माताओं को गर्भावस्था में हाई रिस्क के लिए चिन्हित किया गया।मौके पर रेफरल एवं सीएचसी में पदस्थापित अन्य चिकित्सक,नर्से व आशा दीदियों ने उपस्थित होकर जांच कार्य में सहयोग किया।इस दौरान गर्भवती माताओं में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, विडाल, यूरिन, वीडीआरएल समेत गर्भवती माताओं के पेट में पल रहे गर्भस्त शिशु की गतिविधि की जांच उपरांत जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को कैल्शियम, आयरन, पारासिटामोल व अन्य आवश्यक दवाइयां दी गई। आवश्यक जांच उपरांत दवाई देकर चिकित्सकों के द्वारा विशेष सावधानी बरतने का सलाह दिया गया। साथ ही नजदीकी आशा कर्मी और एंबुलेंस का नंबर साथ रखने को कहा गया। गर्भवती माताओं को चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न होने पर तुरंत अपने नजदीकी आशा कर्मी या एंबुलेंस चालक को सूचित कर जांच करवाने सीएचसी पहुंचे।

## पकरीबरावा :बीडीओ ने की स्वच्छता कर्मियों के साथ बैठक



**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड के मानव संसाधन केंद्र भवन में पकरीबरावां उत्तरी एवं पकरीबरावा दक्षिणी ग्राम पंचायत के स्वच्छता कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता डॉ. मृत्युंजय कुमार ने की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्वच्छता कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक घर से कचरा का उठाव करें। कहा कि वारिसलीगंज मोड़ स्थित कब्रिस्तान से होते हुए देवी स्थान के पईन के पास कचरे का अंबार नहीं लगाना हैकहा गया कि अगर किसी स्वच्छता कर्मी के द्वारा पईन में कचरा फेंका जाता है तो उस कर्मी पर कार्रवाई की जायेगी। बरसात के मद्देनजर साफ- सफाई पर पूरा ध्यान देने को कहा गया। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार चौधरी, पंचायत सचिव राजीव कुमार, पंचायत सचिव दीपक चौहान चौहान, स्वच्छता पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, कुंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## वन भूमि से अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमला, जेसीबी फूंकी, वाल्मीकिनगर के धनहिया में हिंसा, छह घायल; भारी पुलिस बल तैनात, कार्रवाई जारी



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र में गुरुवार को वन भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। ठाड़ी गांव के समीप धनहिया में हुई इस घटना के दौरान उग्र भीड़ ने वन विभाग की एक जेसीबी मशीन में आग लगा दी। हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के करीब छह लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव व्याप्त है। जानकारी के अनुसार वन विभाग, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चला रही थी। कार्रवाई शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा वन विभाग की टीम का घेराव कर दिया। विरोध बढ़ने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जिसके बाद वाल्मीकिनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। हालात बिगड़ने की सूचना मिलते ही एसडीपीओ निहार भूषण और एसएसबी के कमांडेंट अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया और वन विभाग की टीम को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल एवं वन कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। एसडीपीओ निहार भूषण ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान वन विभाग की टीम और स्थानीय लोगों के बीच झड़प की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कानून-व्यवस्था बहाल कर दी है। उन्होंने कहा कि वन अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की कार्रवाई तय की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रहेगा। साथ ही, कानून हाथ में लेने और सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## पकरीबरावा : अस्पताल जाने वाले रास्ता पर जलजमाव, मरीजों व आंगनबाड़ी के बच्चों की बढ़ी मुश्किलें

**लोकतंत्र कीआवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के अंतर्गत धमौल बाजार स्थित धमौलझश्यामदेव पथ पर दुर्गा मंदिर के समीप जलजमाव की समस्या गंभीर होती जा रही है। हल्की बारिश के बाद ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ मरीजों, चिकित्सकों, स्कूली बच्चों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से बनी इस समस्या के समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर जमा पानी के कारण अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमौल आने-जाने वाले मरीजों, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं, समीप स्थित



आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैले गंदे पानी के कारण संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी रहती है। धमौल से श्यामदेव की ओर आने-जाने वाले वाहन चालकों और पैदल राहगीरों की परेशानी भी कम नहीं है। सड़क पर जलभराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया एवं छोटे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। कई बार वाहन चालक संतुलन खो देते हैं और हादसे की आशंका बनी रहती है।दुर्गा मंदिर एवं हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी जलजमाव के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला जाम रहने के कारण पानी हनुमान मंदिर परिसर तक पहुंच रहा है, जिससे धार्मिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।स्थानीय लोगों ने बताया कि जलजमाव का मुख्य कारण नाले का कई स्थानों पर टूटा होना, गाद और कचरे के कारण उसका जाम हो जाना तथा नाले पर हुए अतिक्रमण हैं। कई लोगों ने नाले के ऊपर स्थायी निर्माण करा लिया है, जिससे वर्षा और नाली का पानी आगे नहीं बढ़ पाता और सड़क पर जमा हो जाता है। लोगों का कहना है कि यदि नाले की मरम्मत, सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई समय रहते कर दी जाए तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है।ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र नाले से अतिक्रमण हटाने, टूटे हिस्सों की मरम्मत कराने तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

## पकरीबरावा : 188 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड स्थितसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रपकरीबरावां एवं अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र धमौल में गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित की गई। शिविर में 188 गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकों द्वारा प्रसव पूर्व निःशुल्क जांच यथा ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर टेस्ट सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही 9 महिलाओं को Iउट चढ़ाया गया एव उन्हें उचित पोषण, संस्थागत प्रसव के लाभ और सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि भूषण कुमार के साथ-साथ चिकित्सक डॉ. कविता कुमारी, डॉ. जेबा प्रवीण, डॉ. रतन गुप्ता एवं डॉ. किशोर कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक एमएच रहमान, प्रखंड लेखा प्रबंधक विशाल मोहन, पूनम कुमारी, रेनुका कुमारी, प्रोग्राम लीडर पिरामल सौरभ कुमार, कुश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सूर्यमणि, अमित कुमार प्रभात कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## आज 12 से 3 बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

पकरीबरावां। शुक्रवार को पकरीबरावां में बिजली बाधित रहेगी। कनीय अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि शुक्रवार को 12 बजे से 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस एवं बरसात को लेकर बिजली के तार में सटने वाले पेड़ की टहनियों की छंटाई की जाएगी। लोगों से आग्रह किया गया है कि निर्धारित समय के पूर्व पानी आदि का स्टॉक कर लें ताकि किसी तरह की परेशानी न हो।

## रेडक्रॉस सोसाइटी गया जिला शाखा एवं वंदे मातरम् युवा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में ब्लड ग्रुप परीक्षण शिविर आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**

**गया।** रेडक्रॉस सोसाइटी, गया जिला शाखा एवं वंदे मातरम् युवा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आज +2 उच्च विद्यालय, चाकन्द में ब्लड ग्रुप परीक्षण एवं जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है।
शिविर में विद्यालय के एनसीसी एवं स्काउट-गाइड के कैडेटों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपने रक्त समूह की जानकारी प्राप्त की। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके रक्त समूह से अवगत कराना तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। रेडक्रॉस सोसाइटी, गया के प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में सभी प्रतिभागियों का ब्लड ग्रुप परीक्षण किया गया है। परीक्षण के उपरांत प्रत्येक प्रतिभागी को उनके रक्त समूह की जानकारी प्रदान की गई है। साथ ही रक्तदान के महत्व, आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त समूह की उपयोगिता तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियों से भी अवगत कराया गया है।
विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक सेवा एवं मानवता की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। विद्यालय परिवार ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी



चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस शिविर के सफल संचालन में डॉ. प्रभात कुमार सिन्हा, डॉ. त्रिशा कुमारी, ललिता कुमारी, विनोद कुमार एवं रामबरन यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं वंदे मातरम् युवा मिशन की ओर से अक्षय कुमार सिंह एवं प्रीतम पांडेय ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया है। इस कार्यक्रम के संयोजक के रूप में विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संगठन मंत्री श्री राहुल कुमार रौशन ने समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा शिविर के सफल संचालन में विशेष योगदान दिया है।

## नवादा: प्रदेश जदयू सचिव बने डॉ. सतीश कुशवाहा,कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**लोकतंत्र की आवाज**

**(अभय कुमार रंजन) (नवादा)**:- जिले के रोह प्रखंड अंतर्गत मनियोचक गांव निवासी जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. सतीश कुशवाहा को जनता दल (यूनाइटेड) की प्रदेश कमेटी में प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही जिले भर के जदयू कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. कुशवाहा को बधाई देते हुए कहा कि वे लंबे समय से संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव, संगठनात्मक



क्षमता और समर्पण का लाभ अब प्रदेश स्तर पर पार्टी को मिलेगा, जिससे जदयू और अधिक सशक्त होगी।प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर डॉ. सतीश कुशवाहा ने जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।डॉ. कुशवाहा के मनोनयन पर नवादा जिले के जदयू नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रदेश नेतृत्व ने संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



लोकतंत्र की आवाज
बिक्रमगंज। जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की अनुशंसा पर वरिष्ठ जदयू नेता अनंत कुमार गुप्ता को बिहार प्रदेश जनता दल (यू) का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही रोहतास जिले सहित शाहाबाद क्षेत्र के जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। नवनियुक्त प्रदेश महासचिव अनंत कुमार गुप्ता ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है,उस पर मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना,कार्यकर्ताओं को सम्मान दिलाना तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास और सामाजिक न्याय के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई नई जिम्मेदारी का पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करूंगा और संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए लगातार कार्य करूंगा। अनंत कुमार गुप्ता के प्रदेश महासचिव बनने पर रोहतास जिला जदयू अध्यक्ष विंदा चंद्रवंशी,मनोज पटेल,धनजी पटेल, संजय वर्मा,अभिषेक पटेल,अरविंद कुमार,सुधीर चौधरी,मधुसूदन सिंह, दुष्यंत सिंह,अनिल कुमार,प्रमोद पटेल,राजेश पटेल,विरेंद्र कुशवाहा, आयुष कुमार सिंह,विजेंद्र पटेल,जय शंकर राय,राजेश पांडेय,पिंटू सिंह सहित बड़ी संख्या में जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### सासाराम को जल्द मिलेगी जाम से मुक्ति, विधायक स्नेहलता कुशवाहा का दावा

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। सासाराम शहर में लंबे समय से बनी हुई ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने दावा किया है कि शहर के लिए तैयार किए गए मास्टर प्लान के तहत यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की दिशा में कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान के विभिन्न बिंदुओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य शहर में यातायात का बेहतर प्रबंधन करना, जाम की समस्या को कम करना और आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। विधायक ने विश्वास जताया कि योजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद सासाराम की ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा और शहरवासियों को रोजाना लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी।

### करवंदिया और गिजवाही में पत्थर उद्योग शुरू करने की कवायद तेज, सीमांकन का कार्य जारी

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम रोहतास जिले में पत्थर उद्योग का पुनः शुरू करने की दिशा में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा प्रस्तावित पत्थर खनन क्षेत्र का निरीक्षण किए जाने के बाद गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी की टीम करवंदिया और गिजवाही पहुंची।टीम ने दोनों क्षेत्रों में प्रस्तावित खनन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सीमांकन का कार्य शुरू किया। अधिकारियों ने खनन क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया।लगातार हो रही प्रशासनिक कार्रवाई से यह संकेत मिल रहा है कि जिले में पत्थर उद्योग को दोबारा शुरू करने की कवायद तेज गति से चल रही है। अब स्थानीय लोगों और पत्थर उद्योग से जुड़े व्यवसायियों की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई है।

### कोचस पुलिस ने पशु से लदा ट्रक पकड़ा, जांच पड़ताल जारी

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। स्थानीय नगर पंचायत के चौक पर सड़क हादसे में हुए किशोर के मौत के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों द्वारा सड़क जाम के दौरान मवेशी से लदा ट्रक जाम में फंस गया। जहां लोगों की चिल्हाटी के बाद ट्रक में मवेशी कूदने लगे तभी लोगों ने मवेशी देख और आग बबुला हो गये।हालांकि लोगों की गुस्सा देख चालक समेत अन्य कर्मचारी डर के मारे सड़क पर हीं ट्रक छोड़कर भाग गये। स्थानीय पुलिस ने मवेशी लदा कन्टेनर को अन्य चालक के माध्यम से थाने लें आई।इस संबंध में एसडीपीओ दो संजीव कुमार ने बताया है कि ट्रक पर केवल भैंस लदी हुई थी। पशुपालक विभाग से बातचीत चल रही है। भैंस प्रतिबंधित जानवर नहीं है। इसलिए कानूनी प्रक्रिया पूरी कर छोड़ दी जाएगी।



### इंदु तपेश्वर महिला कॉलेज, बिक्रमगंज में 4 क्रेडिट इंटर्नशिप पर कार्यशाला आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
बिक्रमगंज। इंदु तपेश्वर महिला कॉलेज, बिक्रमगंज में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (VKSU) के 4 क्रेडिट इंटर्नशिप कार्यक्रम के संबंध में एक जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद कुमार द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को इंटर्नशिप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यशाला में Kampus Companion की ओर से प्रतिनिधि किशन श्रीवास्तव, रिंकू सिन्हा एवं सुनीता ने छात्राओं को 4 क्रेडिट इंटर्नशिप की संपूर्ण प्रक्रिया, पंजीकरण, प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट, प्रमाण-पत्र तथा विभिन्न डोमेन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए इंटर्नशिप से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया तथा इंटर्नशिप कार्यक्रम को लेकर उत्साह व्यक्त किया। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी पात्र छात्राओं से निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करने की अपील की। यह कार्यशाला छात्राओं को उद्योग एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।

### बाबा गणिनाथ महाविद्यालय में इंटर्नशिप पर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की अवाज
संवाददाता पारस नाथ दुबे
डेहरी (रोहतास) बाबा गणिनाथ महाविद्यालय, जमुहार में गुरुवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-28 के अंतर्गत इंटर्नशिप के सफल संचालन को लेकर मनोविज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर पर्यवेक्षक प्रो. आनंद कुमार भी उपस्थित रहे।महाविद्यालय के नोडल पदाधिकारी एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 120 घंटे की इंटर्नशिप अनिवार्य है। उन्होंने इंटर्नशिप के उद्देश्य, प्रक्रिया और इसके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका प्रो. राखी कुमारी ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा जिससे उनके व्यक्तित्व और कौशल का विकास होगा। कार्यक्रम में उज्ज्वल कुमार, सूरज कुमार गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, नंदनी कुमारी, आरती कुमारी, ज्योति कुमारी, अनुजा कुमारी, अमृता कुमारी, प्रेमा कुमारी सहित मनोविज्ञान विभाग के अनेक छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की और अपने प्रश्न भी रखे।

# हवा में तीर चला रहा है पर्यटन विभाग : अखिलेश

## सरकार के योजना में हो रही भारी लापरवाही, अधिकारियों पर कार्रवाई करें सम्राट चौधरी



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी
**सासाराम (रोहतास)**। बिहार की सम्राट सरकार तो पर्यटन विकास को लेकर गंभीर है, लेकिन सचिवालय और जिला मुख्यालय में बैठे पर्यटन विभाग के अधिकारी केवल हवा में तीर चला रहें हैं, ऐसे में सरकार द्वारा पर्यटन विकास और पर्यटन स्थलों के आस-पास रहने वाले लोगों का आर्थिक विकास के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को धरातल पर उतारना असंभव है। उक्त बातें शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने गुरुवार को यहां कही। उन्होंने कहा कि इसका जीता-जागता उदाहरण "मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना 2026" के लिए सरकार पर्यटन सचिव द्वारा जारी पत्र में रोहतास जिला का चयनित स्थल है, जिसमें मांझरकुंड, धुआं कुंड तथा शेरशाह सूरी के मकबरे को शामिल किया गया है।

अखिलेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा इस योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि ऐसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल, जहां अभी तक कम लोग पहुंच रहे हैं वहां पर्यटकों के आवागमन में वृद्धि हो।साथ हीं वहां के रहन-सहन , खान-पान , पर्व त्योहार के साथ रोजमर्रा की जिंदगी से बाहरी लोग रूबरू हों। और स्थानीय लोगों का आर्थिक विकास भी हो सके। इसके लिए पर्यटन स्थलों के पांच किलोमीटर दायरे में रहने वाले लोगों को सरकार 11 लाख रुपए तक आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है।

लेकिन आश्चर्य के साथ हीं साथ हास्यास्पद बात यह है कि इस योजना में रोहतास जिला जिस तीन जगहों को चयनित किया गया है उससे न तो पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और ना हीं होमस्टे प्रोत्साहन योजना का लाभ हीं लोग उठा सकेंगे! जो तीन जगहों पर योजना लागू करने की बात पर्यटन सचिव के पत्र में किया गया है उसमें मांझरकुंड और धुआंकुंड दो स्थान दिखाया गया है। जबकि वह दोनों मात्र पांच सौ मीटर दायरे का एक हीं वाटर फॉल है। उपर से आ रही जलधारा को मांझरकुंड और चंद मीटर आगे पहाड़ी से गिरने वाले पानी के जगह को धुआं कुंड कहा जाता है। सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि मापदंड पर खरा उतरने वाला आसपास वैसा कोई गांव घर भी नहीं है, जहां के लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं! वहीं दूसरी तरफ शेरशाह सूरी मकबरा जिला मुख्यालय के बीच अवस्थित है, जहां पांच किलोमीटर के दायरे में होटल लॉज की भरमार है।

अखिलेश कुमार ने कहा कि रोहतास जिले में 'मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना' के लिए रोहतास गढ़ किला, तुतला भवानी, कशिश वाटर फॉल, महादेव खोह, जैसे स्थानों को चयनित किया जाना चाहिए, जिसका सीधा लाभ पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी मिलेगा और सरकार के उद्देश्य धरातल पर उतरते हुए दिखाई देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्यटन विभाग के अधिकारी धरातल पर अध्ययन करने के बाद योजना लागू करने के जगह एसी कमरों में बैठे बैठे सरकार के योजनाओं तथा उद्देश्यों को चुना लगा रहे हैं, ऐसे अधिकारियों के ऊपर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए।

# बिजली विभाग का अभियान जारी, अवैध बिजली उपयोग पर तीन लोगों पर कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

**बिक्रमगंज**। बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं राजस्व संरक्षण के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बिक्रमगंज की टीम ने पंचायत शिवपुर में अभियान चलाकर बिना वैध विद्युत कनेक्शन के अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए तीन लोगों को पकड़ा। सभी के विरुद्ध आर्थिक दंड अधिरोपित करते हुए बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

कनीय विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम रमाहीं टोला निवासी बंगाली सिंह पिता-ज्वाला सिंह पर 8640, नन्द कुमार पिता-राजा राम सिंह पर 15306 तथा झूमक टोला निवासी श्रीभगवान सिंह पिता-हरी सिंह पर 23946 का आर्थिक दंड लगाया गया है। तीनों लोगों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान संबंधित परिसरों में कोई वैध विद्युत कनेक्शन अथवा विद्युत मीटर स्थापित नहीं पाया गया। साथ ही बिजली उपयोग से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहने पर संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई भी आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे अवैध रूप से

बिजली उपयोग की पुष्टि हुई। बताया की बिजली चोरी के विरुद्ध विभाग का विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान सर्विस तार, विद्युत मीटर, मीटर की सील, बिलिंग व्यवस्था, बकाया राशि एवं समय पर बिल भुगतान की सघन जांच की जा रही है। यदि किसी परिसर में मीटर से छेड़छाड़ (टेम्परिंग), बाईपास, बिना वैध कनेक्शन के बिजली उपयोग अथवा किसी भी प्रकार की बिजली चोरी पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आर्थिक दंड के साथ-साथ विद्युत अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन का ही उपयोग करें, नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करें तथा बिजली चोरी जैसे अवैध कार्यों से दूर रहें। इससे सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में विभाग को सहयोग मिलेगा।

# चेनारी: फुलवरिया पंचायत के मुखिया, पिता और भाई का दबंगई आया सामने

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी
**सासाराम (रोहतास)**।रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र से है जहां फुलवरिया के मुखिया के साथ पूर्व से चली आ रही विवाद के बाद मुखिया के भाई ने आवेदन करता को तेलारी बाजार मे घसीट के मारने का मामला प्रकाश मे आया है।आपको बता दे की एक हफ्ते पूर्व मनरेगा योजना में फुलवरिया पंचायत के मुखिया सुशील कुमार के द्वारा अवैध तरीके से पैसे की निकासी कर ली गई थी जिसके बाद उक्त पंचायत के ग्रामीण मिथिलेश कुमार के द्वारा आवेदन दे जांच कराई गई थी जिससे नाराज मुखिया ने मोबाइल फोड़ने तथा मारने की धमकी दी थी,

वहीं जांच से नाराज बुधवार के दिन मुखिया के भाई वकील पासवान तथा उसके पिता संतोष पासवान के द्वारा

**■ जांच से नाराज मुखिया के पिता और भाई ने आवेदन करता को पिटा, लोगो मे रोष**

तेलारी बाजार में आवेदन करता मिथिलेश कुमार को अकेला पाकर बाइक से घसीट कर मार पीट किया।पीड़ित मिथिलेश कुमार ने बताया कि मुखिया के द्वारा की गई अवैध निकासी का तथा उनके कार्यों का मेरे द्वारा जांच कराया गया था, जिससे नाराज मुखिया सुशील कुमार और भाई वकील तथा उनके पिता संतोष पासवान के द्वारा बार बार जान से मारने की धमी दी जा रही है, जबकि बुधवार के दिन मुखिया के पिता और भाई वकील पासवान के द्वारा मुझे अकेला पाकर बीच सड़क पर बाइक से गिरा जान से मारने का प्रयास किया गया , जब लोगो ने देखा तो दोनो लोग मुझे छोड़ भाग निकले। वही घटना की जानकारी स्थानीय थाने को दे दी गई है।

# गोपाल नारायण कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञान संस्थान में राइस ट्रांसप्लांटर' से शुरू हुई धान की रोपनी

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी
**सासाराम (रोहतास)**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में धान की रोपाई की आधुनिक मशीन ' राइस ट्रांसप्लांटर' से धान की रोपाई की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कृषि में आधुनिक मशीनों के उपयोगिता

पर विचार साझा किया एवं संस्थान के निदेशक प्रो एच के सिंह एवं अधिष्ठाता प्रो एस एस सिंह को इस नवाचार को कृषि में शामिल करने के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने कृषि विज्ञान संस्थान में और आधुनिक मशीनों को सम्मिलित करने की आशा की जिससे संस्थान के छात्रों एवं कृषक समाज को बदलते परिवेश में आधुनिकीकरण की जानकारियों से



सशक्त बनाया जाए ।

संस्थान के निदेशक प्रो एच के सिंह ने बताया कि खरीफ मौसम में धान की समय पर रोपाई अच्छी उपज का आधार होती है। रोपाई के समय मजदूरों की कमी, मजदूरी की बढ़ती लागत तथा अनिश्चित मानसून किसानों के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरते हैं। ऐसे समय में राइस ट्रांसप्लांटर किसानों के लिए एक प्रभावी एवं आधुनिक विकल्प है। संस्थान के अधिष्ठाता प्रो एस एस सिंह ने राइस ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई का तरीका सीखने आए किसानों को बताया कि राइस ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई करने पर कम समय में अधिक क्षेत्र की रोपाई की जा सकती है। इससे श्रम की आवश्यकता 70-80 प्रतिशत तक कम हो जाती है तथा रोपाई समान दूरी और समान गहराई पर होने से पौधों का विकास बेहतर होता है।

समय पर रोपाई होने से फसल की बढ़वार अच्छी रहती है और उत्पादन में भी वृद्धि होती है। संस्थान के शस्य विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ धनंजय ने बताया कि राइस ट्रांसप्लांटर के सफल उपयोग के लिए 18-25 दिन की स्वस्थ मैट नर्सरी तैयार करना आवश्यक है। खेत की अच्छी तरह पडलिंग एवं समतलीकरण किया जाए ताकि मशीन सुचारु रूप से कार्य कर सके। मशीन से रोपाई के बाद उचित जल प्रबंधन और संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने से बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं किसानगण उपस्थित रहे ।

# कोचस में ट्रक की चपेट में किशोर की मौत, कई घंटे तक थमा एनएच-319

लोकतंत्र की आवाज

**कोचस**। थाना क्षेत्र के महात्मा गांधी चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समीप गुरुवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-319 पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हरनाथपुर गांव निवासी स्व. रामानंद सिंह के पुत्र पंकज कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर एनएच-319 जाम कर दिया। करीब चार घंटे तक यातायात बाधित रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

जानकारी के अनुसार पंकज कुमार प्रतिदिन की तरह अपने एक साथी के साथ बाइक से दूध बेचने के लिए कोचस बाजार जा रहा था। महात्मा गांधी चौक के समीप सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर दाहिनी ओर पलट गई।इसी दौरान बगल से गुजर रहे सीमेंट लदे ट्रक का पिछला चक्का पंकज के ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा उसका साथी बाल-बाल बच गया।

घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रभूषण गुप्ता मौके पर पहुंचे और मानवीय पहल करते हुए अपने स्तर से तत्काल 20 हजार रुपये की सहायता राशि मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराई। अंचलाधिकारी विनीत व्यास ने परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार की ओर से मिलने वाली अनुग्रह सहायता राशि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार उपलब्ध करा दी जाएगी। हादसे से आक्रोशित लोगों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डीएम और एसपी को घटनास्थल पर बुलाने की मांग की।

सूचना पर एसडीपीओ-2 संजीव कुमार, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष बबलू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने काफी देर तक लोगों को समझाने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार की कड़ी मशक्कत और प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम समाप्त कराया गया तथा एनएच-319 पर यातायात सामान्य कराया गया। इसी दौरान जाम में फंसे हरियाणा जा रहे मवेशियों से लदे एक ट्रक को पुलिस ने रोककर अपने कब्जे में ले लिया।मवेशियों के परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जांच पूरी होने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# रोहतासगढ़ किले के विकास की उठी मांग, बच्चों में बांटी गई कॉपी-कलम और चॉकलेट

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता पारसनाथ दुबे
**डेहरी ऑन सोन**। डेहरी विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी ने ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वहां के बच्चों के बीच कॉपी, कलम और चॉकलेट वितरित की। साथ ही जरूरतमंद लोगों को भी सहयोग प्रदान किया।

इस मौके पर गुड्डू चन्द्रवंशी ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। बच्चों को शिक्षा से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ वहां रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार भी आवश्यक है।

उन्होंने बिहार सरकार एवं संबंधित विभाग से आग्रह किया कि ऐतिहासिक



रोहतासगढ़ किले को एक विकसित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। पर्यटकों की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल, मार्गदर्शन केंद्र तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। गुड्डू चन्द्रवंशी ने कहा कि रोहतासगढ़ किला बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है।इसके समुचित विकास से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### मीटर बायपास मे छः उपभोक्ता धराए, लगाए गए जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज
**कोचस**। विद्युत विभाग के धावा दल ने चोरी से मीटर बायपास कर विद्युत उपयोग कर रहे छः लोगों को पकड़ जुर्माना करते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसडीओ अमन कुमार ने बताया कि चोरी से मीटर से बायपास कर बिजली उपयोग करते छः लोगों को पकड़ा गया है जिसमे छापेमारी के दौरान वार्ड संख्या 10 निवासी प्रमोद सिंह की पत्नी मीरा कुमारी पर 37660 रुपए का जुर्माना लगाया गया. इसी वार्ड के रामनाथ सिंह की पत्नी लवंगा देवी पर 29400 रुपए और जोखू शर्मा के पुत्र बबन शर्मा पर 20046 रुपए का दंड निर्धारित किया गया. जबकि वार्ड संख्या 7 में जांच के दौरान तीन उपभोक्ता पकड़े गए जिसमे सतेन्द्र नारायण सिंह की पत्नी रिंकू देवी पर 24650 रुपए, नंदकिशोर चौधरी पर 21472 रुपए और निर्मल कानू पर 15436 रुपए का जुर्माना लगाया गया है. वहीं विभाग ने इसकी लिखित आवेदन कोचस थाने में दें 6 लोगों पर जुर्माना करते हुए प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

# श्रावण मास 2026 के अवसर पर गुप्ताधाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डीएम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित

लोकतंत्र की अवाज

ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी
**चेनारी**।श्रावण मास 2026 के अवसर पर चेनारी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध गुप्ताधाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 09.07.2026 को वन विश्रामागार बादलगढ़, चेनारी में जिला पदाधिकारी, रोहतास श्री दीपक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम-1, गुप्ताधाम पूजा समिति के अध्यक्ष, संबंधित विभागों के पदाधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, भीड़ नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के उपरांत जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ गुप्ताधाम का स्थलीय निरीक्षण कर गुफा परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में गुप्ताधाम पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि श्रावण मास में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु गुप्ताधाम पहुंचते हैं तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति द्वारा बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाती है। इस पर जिला पदाधिकारी ने पूजा समिति को सभी स्वयंसेवकों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उनका पहचान-पत्र निर्गत किया जा सके और वे सुव्यवस्थित ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।

जिला पदाधिकारी ने गुफा के भीतर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध कराने तथा गुफा की ऑक्सीजन क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। सावन माह में गुप्ताधाम क्षेत्र में चार पहिया एवं बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दोपहिया वाहनों का परिचालन जारी रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि गुफा के प्रवेश द्वार से लगभग 50 मीटर पहले बैरिकेडिंग कर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को नियंत्रित एवं व्यवस्थित तरीके से गुफा में प्रवेश कर सके।

श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गुप्ताधाम परिसर में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देशित किया। इसके साथ ही गुफा के अंदर एवं बाहर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने विद्युत विभाग के कनीय अभियंता को नंगे विद्युत तारों को तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया।

श्रद्धालुओं की सहायता एवं त्वरित सूचना उपलब्ध कराने के लिए गुप्ताधाम परिसर में हेल्पडेस्क स्थापित करने तथा अनुमंडल स्तर पर विभिन्न स्थानों पर कंट्रोल रूम संचालित करने का भी निर्णय लिया गया।सिविल सर्जन को एम्बुलेंस की व्यवस्था एवं मेडिकल कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष, चेनारी को निर्देश दिया कि श्रावण मेला अवधि के दौरान गुप्ताधाम में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### धनबाद बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार का हुआ तबादला, सोनारडीह ओपी के बने प्रभारी



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता । बरोरा थाना के थाना प्रभारी साधन कुमार का तबादला कर उन्हें सोनारडीह ओपी का नया प्रभारी बनाया गया है। बरोरा थाना में लगभग 14 महीने के कार्यकाल के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया उनके कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण मामलों का सफल निष्पादन हुआ और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनकी कार्यशैली की सराहना की गई। स्थानीय लोगों और पुलिस अधिकारियों ने उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अब सोनारडीह ओपी की कमान संभालने जा रहे साधन कुमार से भी लोगों को बेहतर पुलिसिंग, त्वरित कार्रवाई और जनसमस्याओं के समाधान की उम्मीद है। वहीं, बरोरा थाना में उनके स्थान पर नए थाना प्रभारी अभय कुमार की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और सोनारडीह ओ पी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है ।

### बगोदर प्लस टू उच्च विद्यालय में बच्चों के बीच हुआ साइकिल वितरण



लोकतंत्र की आवाज
बगोदर गिरिडीह (झारखंड)। बगोदर प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल परिसर में कल्याण विभाग झारखंड सरकार की ओर से प्रदान छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया. साईकिल वितरण कार्यक्रम में बगोदर प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी ,प्रखंड प्रमुख आशा राज, प्रखंड उप प्रमुख हरेंद्र कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष गुलाम सरवर ,कल्याण पदाधिकारी रजा अहमद, राजू सिंह मौजूद थे. 70 छात्र - छात्राओं के बीच साईकिल वितरत किया गया. साइकिल पाकर छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

### गिरिडीह सदर अस्पताल विश्व जनसंख्या दिवस 2026 में प्रभात फेरी या हवा हवाई



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड
(2026.07.10)। दिनांक 9.7.2026 विश्व जनसंख्या दिवस 2026 के उपलक्ष में जनसंख्या स्थिरता अभियान अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई ऐसा सदर अस्पताल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई/ जारी कर सूचना दी गई यहां सूचना भेजने में भी भारी उलट फेर है वह ऐसे की 09.07.2026 को प्रातः 7:30 पर रैली निकाली जाएगी जिसकी सूचना प प्रातः 7:45 पर भेजी जाती है तो क्या वास्तव में गिरिडीह सदर अस्पताल से प्रभात फेरी निकाली गई थी या मात्र कागजी घोड़े ही दौड़े गए थे। या मीडिया से बचते बचाते हुए कार्यक्रम को अंकित करना था वैसे भी इस रैली की जितनी तारीफ की जाए वह काम है।

# कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी पात्र नागरिक वोटर सूची से वंचित न हो : भूपेन्द्र मरावी

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से गुरूवार को जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरिक्षण एसआईआर अभियान को लेकर हजारीबाग लोकसभा स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक के दौरान एसआईआर अभियान प्रगती, विभिन्न मतदान केन्द्र पर किए गए भ्रमण , बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता तथा मतदान सूचि के विशेष पुनरिक्षण अभियान की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की । मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव तथा झारखंड सह प्रभारी भूपेन्द्र मरावी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरिक्षण केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नही बल्कि लोकतंत्र और संविधान प्रदत मताधिकार की रक्षा का महत्वपूर्ण अभियान है ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और किसी संवैधानिक अधिकारों का हनन न हो । हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी सह विधायक राजेश कच्छप ने भाजपा पे आरोप लगाया और कहा कि वर्तमान परिस्थितयों में आम नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित होने की आशंका है। यदि पुनरिक्षण के नाम पर किसी पात्र मतदाता का नाम हटाया जाता है तो कांग्रेस उसका लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक विरोध करेगी । प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के बीएलए 2 अपने बीएलओ से समन्वय बनाकर कांग्रेसी कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे तथा लोंगो को एसआईआर प्रक्रिया के प्रति जागरूक करेंगे ।

जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं से पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ काम करने का अह्वान किया साथ ही अभियान को अधिक प्रभावी सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है । रामगढ़ विधायक सह जिला अध्यक्ष ममता देवी ने कहा कि 30 जून से 29 जूलाई तक बीएलओ के घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण किया जाना है जो निर्वाचन प्रकिया का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है ।

बैठक का संचालन वरीय उपाध्यक्ष शारदा रंजन दुबे जबकी धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश सयुंक्त सचिव डॉ.प्रकाश कुमार नेवकिया । मौके पर राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद हजारीबाग लकसभा के सह प्रभारी अशोक सिंह पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला प्रदेश महासचिव जयशंकर पाठक, सुरजीत नागवाला, शान्तानु मिश्रा विधान सभा के पूर्व प्रत्यासी मुन्ना सिंह रामगढ़ जिला के प्रभारी शिव कुमार भक्त प्रदेश प्रतिनिधिकारियों में भीम कुमार, मुन्ना पासवान, रेणू कुशवाहा, नवीन कुमार, मनिषा टोप्पो, चन्द्र भुषन साव, राजीव रंजन राजू, शैलेन्द्र कुमार यादव, बिनोद कुशवाहा, बलजीत सिंह बेदी, अरूण साव, संजय गुप्ता, सीपी संतन, साजिद अली खान उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी निसार खान, दिगम्बर प्रसाद मेहता प्रशिक्षक परवेज अहमद, दीपक गुप्ता के अतिरिक्त वरिष्ठ कांग्रेसजन जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, प्रखंड अध्यक्षगण युवा कांग्रेस, एनएसयुआई, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल तथा सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षगण, मंच मोर्चा के अध्यक्ष और कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे ।

## भाकपा माले के दिवंगत नेता मिथलेश सिंह की प्रथम स्मृति दिवस की तैयारी जोरों पर




लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। भाकपा माले हजारीबाग जिला सचिव पचु राणा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की 11 जुलाई 2026 को कामरेड मिथलेश कुमार सिंह के प्रथम स्मृति दिवस मनाने की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है । इस तैयारी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को 2 जुलाई के कार्यकर्ता सम्मेलन कर जिम्मेवारी दिए गए थे जिसमें मुख्य रूप से डाडी प्रखण्ड के सभी पंचायतों में ग्राम सभा और गांवों में पार्टी ब्रांच का बिस्तारीत बैठक कर बडी संख्या में पार्टी समर्थकों को स्मृति दिवस के रैली और सभा में उपस्थित कराने की तैयारी हो गई है उन्होने बताया कि इसके लिए रेलिगडा लोकल सेल मजदूरों की ब्यापक भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए बैठक की गई है प्रखण्ड के टोंगी , हेसालौंग , रबोध, बलसगरा, होन्हेमोढा, मिश्राईनमोढा ,डाडी, कनकी, गिद्दी पंचायतों में घर-घर जाकर तैयारी करने में नेताओं और कार्यकर्ताओं का टीम लगी हुई है 11 जुलाई को 11 बजे दिन पार्टी के नेता कार्यकर्ता और समर्थक टेहरा टांड मैदान में जुटकर वहां से रैली करते हुए गिद्दी ट्रेकर स्टैंड में स्मृति सभा की जाएगी सभा में पार्टी के पालित ब्यूरो सदस्य कामरेड हलधर महतो राज्य सचिव कामरेड मनोज भक्त सहित मजदूर नेता एवं जिला और राज्य के नेताओं द्वारा सम्बोधित किया जाएगा।

# धनबाद कतरास में फिर धंसी जमीन, दहशत में लोग, सांसद ढुलू महतो ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता ।** बाघमारा अनुमंडल के कतरास स्थित छाताबाद फुटबॉल मैदान के समीप एक बार फिर भू-धंसान की घटना सामने आने से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बुधवार रात हुए इस भू-धंसान के बाद कई घरों में दरारें पड़ गईं, जिससे लोग भयभीत होकर अपने परिवार और सामान के साथ सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से स्थानीय लोगों में भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है।

घटना के बाद भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) की ओर से प्रभावित क्षेत्र में डोजरिंग कर मिट्टी और ओवरबर्डन (OB) डालकर भराई का कार्य शुरू किया गया है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल अस्थायी समाधान है और स्थायी पुनर्वास के बिना समस्या का समाधान संभव नहीं है। गुरुवार को धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने पार्षद मोहम्मद शाहबुद्दीन एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ भू-धंसान प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और पूरे इलाके का निरीक्षण किया। सांसद ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर बसाया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान सांसद ने BCCL के चेयरमैन से दूरभाष पर बातचीत कर भू-धंसान की गंभीर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने स्थानीय महाप्रबंधक को निर्देश दिया कि प्रभावित 10 से 12 परिवारों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराते हुए शीघ्र सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी और स्थायी उपाय किए जाने चाहिए।

गौरतलब है कि सोमवार सुबह भी इसी क्षेत्र में पहली बार भू-धंसान की घटना हुई थी। उस समय आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग 12 घंटे तक छाताबाद पुल पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद बुधवार रात फिर से मोहम्मद कलाम और कौशर के घरों में लगभग छह इंच चौड़ी दरारें पड़ गईं। इसके बाद कई परिवारों ने अपने घर खाली कर दिए। वहीं मोहम्मद मुर्तजा, अकबर समेत अन्य प्रभावित परिवार भी सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक स्थायी पुनर्वास और भू-धंसान की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक वे खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। फिलहाल BCCL की ओर से प्रभावित क्षेत्र में भराई का कार्य जारी है, जबकि प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# कोयलाकर्मियों के लिए गुड न्यूज़: पीएफ खाते में मिलेगा 7.6 फीसदी इंटरेस्ट, चार लाख कर्मियों को होगा फ़ायदा

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता ।** चार लाख से अधिक कोयलाकर्मियों के लिए राहत की खबर सामने आई है. कोयला भविष्य निधि खातों पर ब्याज की घोषणा कर दी गई है. दर बढ़ी नहीं है ,तो घटी भी नहीं है. वित्तीय वर्ष 25 - 26 में भी उन्हें 7.6% ब्याज मिलेगा। दरअसल, कोयला मंत्रालय ने 30 जून को जारी ब्याज दर की स्वीकृति के बाद सीएमपीएफ बोर्ड की स्वीकृति के लिए भेजा था. मंत्रालय के निर्देश के बाद कोयला खान भविष्य निधि संगठन के आयुक्त कार्यालय ने सभी न्यासी मंडल के सदस्यों को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है. बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 25 -26 के लिए प्रत्येक सदस्य के खाते में 7.6 प्रतिशत की दर से ब्याज जमा किया जाएगा।

**कोयला खान भविष्य निधि संगठन कोयला मंत्रालय के अधीन एक संवैधानिक संस्था है:** कोयला खान भविष्य निधि संगठन कोयला मंत्रालय के अधीन एक संवैधानिक संस्था है. यह देश की कोयला खदानों में काम करने वाले कर्मियों के भविष्य निधि खातों का संचालन करता है. हर साल सरकार द्वारा तय की गई दर पर खाता धारकों को सूद दिया जाता है. दरअसल, 2000 में कोयलाकर्मियों को 12% की दर से ब्याज मिलता था. जो घटते-घटते अब 2025 में 7.6 0% हो गया है. 2024 में भी 7.6 0% ही था. जबकि उसके पहले के वर्ष में अधिक था. बता दें कि कोयलाकर्मियों को प्रोविडेंट फंड पर मिलने वाले ब्याज की दर बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की बैठक में तय होता है. इसके अध्यक्ष कोयला सचिव होते है.

**ज्यादातर सदस्य सरकार के अधिकारी या उनके मनोनीत प्रतिनिधि होते है:** ज्यादातर सदस्य सरकार के अधिकारी या उनके मनोनीत प्रतिनिधि होते है. ब्याज दर का निर्धारण बहुमत के आधार पर होता है. इसमें ट्रेड यूनियन के चार प्रतिनिधि भी बैठते है. यही वजह है कि यूनियन के बहुत विरोध का असर बैठक में नहीं हो पाता .

कोयलाकर्मियों के मूल वेतन से 12 फ़ीसदी राशि कटती है. उतनी प्रतिशत राशि कोयला कंपनिया देती है. कोयला खान भविष्य निधि संगठन की स्थापना भारत सरकार के श्रम और नियोजन मंत्रालय के अधीन हुई थी. जिसका उदेश्य अंशदाता का हित सुनिश्चित करना था. संसद से पारित अधिनियम के तहत CM PF मिसकल्लानेस rules, 1948 बना था. जिसके तहत इस संगठन को अधिकृत किया गया था कि नियोक्ता अगर अंशदाता से काटी गई राशि को समय पर CMPF0 में जमा नहीं करता है, तो नियोक्ता को दंडित कर सकता है.

# मांडू विधानसभा क्षेत्र के डाड़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर सांसद मनीष जायसवाल ने शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)** । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के डाड़ी प्रखंड एवं आसपास के विभिन्न गांवों का व्यापक दौरा किया। इस दौरान ग्राम पंचायत बलसगरा पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

दौरे के क्रम में सांसद मनीष जायसवाल बारलोंग में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले हुवाग पंचायत के कठरेवा गांव निवासी स्व. मनीष कुमार (22 वर्ष) एवं स्व. हेमंत कुमार (28 वर्ष) के ब्रह्मभोज सह श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने दोनों दिवंगतों के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इसके बाद सांसद ने हुल दिवस की छुट्टी पर अपने पैतृक गांव रबोध आए गिरिडीह में पदस्थापित सब-रजिस्ट्रार स्व. बालेश्वर पटेल (53 वर्ष) की हत्या पर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। वहीं डाड़ी श्मशान घाट पहुंचकर ढोठवाटांड़ निवासी स्व. दुखारी देवी को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को सांत्वना दी।

सांसद मनीष जायसवाल डाड़ी प्रखंड के गिद्दी-ए निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष चंदन सिंह के पिता स्व. सुरेंद्र सिंह के एकादशा कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इसके अलावा रेलीगढ़ा निवासी विकास मालाकार के आकस्मिक निधन पर उनके घर पहुंचकर परिजनों का हौसला बढ़ाया। परिजनों द्वारा अस्पताल एवं वाहन चालक की लापरवाही का मामला उठाए जाने पर सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ थाना प्रभारी से दूरभाष पर बात कर संबंधित वाहन को शीघ्र जब्त करने, चालक पर कानूनी कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। दौरे के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने रेलीगढ़ा निवासी स्व. जया कुंडू के जरूरतमंद परिजनों को नमो श्राद्ध किट भी भेंट किया और उन्हें सांत्वना दी। दिनभर के व्यस्त कार्यक्रम के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने डाड़ी सांसद प्रतिनिधि सह रेलीगढ़ा पंचायत के मुखिया गुंजन साहू के आवास भी पहुंचे ।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सह जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडेय, पुरुषोत्तम पाण्डेय, गुंजन साव, रीमा कुमारी, डाड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजदीप प्रसाद, बसंत प्रजापति, करुण सिंह, बिहारी प्रजापति, वकील महतो, सुरेश केशरी, रॉकी सिंह, स्वेता प्रकाश, नारायण महतो, कृष्णा राम, अविनाश राम, रामविलाश महतो, बादल पात्रो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# धनबाद कतरास सोनारडीह फाटक के पास अनियंत्रित हाईवे पर भीषण हादसा, बाल-बाल बचे लोग !

लोकतंत्र की आवाज़





**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता ।** सोनाडीह फाटक के पास अनियंत्रित हाईवे पर एक स्कॉर्पियो गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और हादसा बेहद भयानक रूप ले चुका था। ईश्वर की असीम अनुकंपा से इतने बड़े और खौफनाक एक्सीडेंट के बावजूद राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने या जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के लोकप्रिय बाघमारा विधायक श्री शत्रुघ्न महतो तुरंत दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने खुद खड़े होकर स्थिति का जायजा लिया और तुरंत प्रशासनिक व स्थानीय स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू करवाया। विधायक जी ने अधिकारियों को हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और यातायात को सुचारू रूप से चलाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

# पीएम सूर्य घर योजना कार्यालय का सांसद मनीष जायसवाल ने किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज





**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग शहर के बंशीलाल चौक, मंगल बाजार के समीप गुरुवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यालय का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के लाभों की जानकारी दी गई तथा लोगों से इसका अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की गई।

योजना के फ्रेंचाइजी हेमंत कुमार ने ली हैं। इन्होंने बिहार और झारखंड के लिए इसकी जिम्मेदारी ली है। उद्घाटन से पहले सांसद मनीष जायसवाल का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने योजना के पहले लाभार्थी सुनील केशरी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित कई लोगों ने भी अपने घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाकर बिजली बिल शून्य करने की इच्छा जताई। उन्होने कहा अधिक बिजली का उत्पादन होने पर उसे विद्युत विभाग को देकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गुजरात के अहमदाबाद में लगभग 90 प्रतिशत घरों में सोलर पैनल लगे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में भी करीब 45 प्रतिशत परिवार सोलर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। झारखंड में भी इस योजना को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि लोग स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा का लाभ उठा सकें।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को ₹78 हजार तक की सब्सिडी उपलब्ध करा रही है, जिससे सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाना पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है। उन्होंने लोगों से इस जनहितकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा इसकी जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नीलेंदु जयपुरियार ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी को बहुत जल्द समाप्त किया जा सकता है। ऐसे में हजारीबाग के लोगों को समय रहते इस योजना का लाभ उठा लेना चाहिए।

कार्यक्रम में योजना का लाभ उठाने वालों में राहुल राणा, राजीव सिन्हा, प्रभात कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे। वहीं समारोह में बबलू सिंह, विजय , हरीश श्रीवास्तव, के.पी.ओझा, किशोरी राणा, रंजन चौधरी, सिब्रोटी चेटरजी, सुनील सिन्हा, अमरेंद्र कुमार, पंचम, विशाल, सनी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कृषि फीटर में नियमित बिजली सप्लाई नहीं होने से किसानों का रोपनी बाधित

लोकतंत्र की आवाज

**चांद।** प्रखंड में कृषि फीटर में नियमित बिजली सप्लाई नहीं होने से किसानों को धान की रोपाई कार्य बाधित हो रहा है। किसानों का आरोप लगाया 8 घंटे बिजली सप्लाई कृषि फीटर में नहीं हो पा रहा है। बरसात कम होने से किसान धान की फसल खेतों में लगाने के लिए समरसेबुल पंप चला रहे हैं। ऐसे परिस्थिति में किसानों को आठ घंटे के बजाय केवल 4 से 5 घंटे बिजली सप्लाई हो रही है। कृषि फीटर में नियमित बिजली सप्लाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश है। अजय कुमार सिंह गांव वैरी श्याम नारायण सिंह गांव भेरी ने कहा कृषि फीटर में नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने से किसानों के खेतों में पानी नहीं आगे बढ़ रहा है। किसानों ने कहा विभाग को कृषि फीटर में बिजली आपूर्ति का समय बढ़ाना चाहिए। किसानों ने कहा तार पोल अव्यस्थित होने से स्थिति और खराब हो गई है। इस संबंध में कार्यापालक अभियंता ने कहा किसानों को कृषि फीटर में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### कैमूर में भीषण सड़क हादसा: पुलिया से टकराई ट्रक, चालक व खलासी की मौत





**कैमूर** जिले के कुदरा थाना अंतर्गत परमालपुर के समीप गुरुवार की सुबह करीब 5 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में ट्रक चालक और खलासी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक सासाराम की ओर से मोहनिया की तरफ जा रही थी। परमालपुर के समीप चालक को झपकी आने के कारण ट्रक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद ट्रक सड़क किनारे लगाए गए लोहे के बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए पुलिया की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक पर लदा सरिया आगे की ओर खिसक गया और चालक व खलासी उसी के नीचे दब गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।मृतकों की पहचान ट्रक चालक सह मालिक शंकर यादव, पिता जगरनाथ यादव, निवासी बरनी बेरगी डुमरी, जिला गिरिडीह, तथा खलासी भुनेश्वर यादव, निवासी कोराडीह गांव, बगोदर थाना, जिला गिरिडीह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कुदरा थाना पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को ट्रक से बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। वही एनएचएआई की टीम क्रेन की मदद से ट्रक को सड़क किनारे करने में जुट गई। इस संबंध में कुदरा थाना अध्यक्ष प्रियेश प्रियदर्शी ने गुरुवार सुबह बताया कि दो लोगों की मौत हुई है हमने शवों को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को झपकी आना माना जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# मानसून की भारी बारिश का अलर्ट: वन्यजीव अभयारण्य और जलप्रपातों के पास जाने पर प्रशासन की सख्त रोक, नियम तोड़े तो होगी जेल

## फ्लैश फ्लड (अचानक बाढ़) के खतरे को देखते हुए वन विभाग ने जारी की जनहित सूचना; करकटगढ़ और तेलहार कुण्ड यात्रा मार्ग पर विशेष सतर्कता के निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर ।** मानसून के मौसम में बढ़ती दुर्घटनाओं और भारी बारिश की आशंका को देखते हुए कैमूर वन प्रमंडल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी, कैमूर वन प्रमंडल, भभुआ द्वारा गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पर्यटकों और आम जनता के लिए सख्त चेतावनी और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ऊपरी इलाकों में होने वाली भारी बारिश की वजह से जलप्रपातों और पहाड़ी नालों में अचानक जलस्तर बढ़ने (फ्लैश फ्लड) की गंभीर आशंका जताई गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कैमूर वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों, जैसे करकटगढ़ और तेलहार कुण्ड यात्रा मार्ग पर स्थित सभी जलप्रपातों और जलधाराओं के पास लोगों को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। ऊपरी क्षेत्रों में होने वाली मूसलाधार बारिश के कारण बिना किसी पूर्व चेतावनी के अचानक बाढ़ जैसी जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसके अलावा, मानसून के दौरान चट्टानों पर काई जमने से फिसलन और तेज बहाव के कारण गंभीर हादसे होने का खतरा भी काफी बढ़ जाता है।

**अभयारण्य क्षेत्र में इन गतिविधियों पर पूरी तरह प्रतिबंध:** अनधिकृत प्रवेश पर रोकः प्रतिबंधित क्षेत्रों अथवा जलप्रपातों में अनधिकृत रूप से प्रवेश करना या सुरक्षा के लिए लगाए गए अवरोधकों (बैरिकेड्स) को पार करना पूरी तरह वर्जित है। पिकनिक और आग जलाने पर रोकः अभयारण्य क्षेत्र के भीतर भोजन पकाना, कैंप लगाना अथवा किसी भी प्रकार की आग जलाना दंडनीय अपराध होगा। रील और सेल्फी पर पाबंदीः गहरे पानी, खतरनाक चट्टानों अथवा अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर जाकर सोशल मीडिया के लिए रील, सेल्फी अथवा एडवेंचर वीडियो बनाने पर सख्त रोक रहेगी।

**यात्रा से पहले मौसम की जानकारी अनिवार्य:** वन विभाग ने पर्यटकों और आगंतुकों से पुरजोर अपील की है कि वे किसी भी यात्रा पर निकलने से पहले स्थानीय मौसम की सटीक जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। यदि क्षेत्र में भारी वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसम की स्थिति बनी रहती है, तो जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जलप्रपातों एवं संबंधित पर्यटन स्थलों में प्रवेश को अस्थायी रूप से बंद किया जा सकता है। ऐसे किसी भी प्रतिबंध का नागरिकों द्वारा स्वेच्छा से पालन करना आवश्यक होगा।

**नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई:** वन प्रमंडल पदाधिकारी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि उपर्युक्त प्रतिबंधित गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर और विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों को भारी जुर्माना या जेल की सजा भी भुगतनी पड़ सकती है। कैमूर वन प्रमंडल प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन करें। प्रशासन ने कहा हैः ₹आपकी सतर्कता एवं सहयोग ही आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

# जनता की आवाज़ उठाने पर मुकदमा झेला, संघर्ष जारी रहेगा: रामचंद्र सिंह यादव



लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ/कैमूर।** शिवपुर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना के बाद मुआवजे की मांग को लेकर हुए सड़क जाम मामले में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ जननेता रामचंद्र सिंह यादव ने गुरुवार को भभुआ न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। माननीय न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती प्रतिमा कुमारी की अदालत ने उन्हें जमानत दे दी।

**क्या है मामला :** उल्लेखनीय है कि शिवपुर रोड पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक परिवार को उचित मुआवजा और न्याय दिलाने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया था। घटना की सूचना पर तत्कालीन भभुआ विधानसभा क्षेत्र से बसपा विधायक रामचंद्र सिंह यादव पीड़ित परिवार के समर्थन में मौके पर पहुंचे थे और प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे थे। आरोप है कि जनता की मांग सुनने के बजाय प्रशासन ने सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित धारा 144, 353, 342 एवं 186 के तहत मामला दर्ज कर दिया था। इसी मामले में गुरुवार को उन्होंने न्यायालय में उपस्थित होकर कानून का सम्मान करते हुए आत्मसमर्पण किया। उनके अधिवक्ता बलिराम सिंह यादव ने जमानत कराई।

**जनता के साथ खड़ा होना जनप्रतिनिधि का धर्म:** न्यायालय से बाहर निकलने के बाद रामचंद्र सिंह यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधि का पहला दायित्व जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा होना है। यदि पीड़ितों की आवाज़ उठाने और न्याय मांगने पर मुकदमों का सामना करना पड़े, तब भी जनता के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई जारी रहेगी। न्यायालय परिसर में बड़ी संख्या में समर्थक, सामाजिक कार्यकर्ता और शुभचिंतक मौजूद रहे। सभी ने न्यायपालिका पर विश्वास जताते हुए कहा कि जनहित के लिए संघर्ष लोकतंत्र की ताकत है।

# अंचलाधिकारी की हुआ तबादला दी गई भावभीनी विदाई

लोकतंत्र की आवाज

**चांद :** प्रखंड मुख्यालय के सभाकक्ष में वृहस्पतिवार को विदाई समारोह आयोजित कर तबादला किए गए अंचलाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में उपस्थित पदाधिकारी पंचायत प्रतिनिधि प्रखंड एवं राजस्व कर्मियों एवं रैयतों के आंखें नम थी। विदाई समारोह में प्रखंड प्रमुख चंदन सिंह बीडीओ मो हदीद ख़ान उप प्रमुख दिनेश बिंद जद यू प्रखंड अध्यक्ष सतीश सिंह पटेल मुखिया प्रतिनिधि बबलू सिंह रफीक अंसारी सोनु सिंह बीडीसी दाउ सिंह भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह पुर्व प्रमुख कृष्णा सिंह प्रखंड पंचायत पदाधिकारी अंचलाधिकारी भगवान पुर वाल विकास परियोजना पदाधिकारी चांद बड़ी संख्या में रैयत शामिल हुए। विदाई समारोह में अंचलाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता के काम को सराहा गया। वक्ताओं ने कहा परिमार्जन दाखिल खारिज जमाबंदी कायम करना भू नापी में चांद अंचल का पुरे जिले में टाप टेन में शामिल रहा। वक्ताओं ने कहा अंचलाधिकारी ने बड़ी तन्मयता से कमजोर बंचित वर्गों का काम। अंचलाधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नम आंखों से विदाई दी गई। अंचलाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता का तबादला मोतिहारी जिले में किया गया है। उन्होंने ने ढाई साल से पदस्थापित रहे। उनके कार्यकाल में भूमि विवाद के बहुत से मामलों का निष्पादन किया गया। भारत माला परियोजना एवं 219 बाईपास एवं चौड़ीकरण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देने में अंचलाधिकारी का पहल स्वागत योग्य रहा है।

# मोहनिया : लड़की भगाने के मामले में सहयोगी आरोपी गिरफ्तार, तीन माह से चल रही थी तलाश

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया।** लड़की भगाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब तीन महीने से फरार चल रहे मामले के एक सहयोगी आरोपी को मोहनिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनहन थाना क्षेत्र के बगीचा गांव निवासी शिव शंकर चौधरी के पुत्र अरविंद चौधरी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 20 मार्च 2026 को एक युवती की मां ने मोहनिया थाने में लिखित आवेदन देकर दो लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन में आरोप लगाया गया था कि उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा लिया गया है। मामले में मोहनिया थाना कांड संख्या 204/26 दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही पुलिस दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में बुधवार की रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अरविंद चौधरी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने गुरुवार की दोपहर 3:15 बजे फोन पर बताया कि लड़की भगाने के मामले में मुख्य अभियुक्त की सहायता करने वाले उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है तथा अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है।

# कैमूर: शिक्षकों का आंदोलन तेज, डीइओ-डीपीओ का पुतला दहन, कल से शिक्षा कार्यालय में तालाबंदी

लोकतंत्र की आवाज




**भभुआ/कैमूर-** 4 महीने से लंबित डइ मद के बकाया वेतन, जनगणना कार्यक्रम के पारितोषिक भुगतान और प्रोन्नति की मांग को लेकर गुरुवार 9 जुलाई 2026 को शिक्षकों ने जिला शिक्षा कार्यालय के मुख्य द्वार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना शंभू प्रसाद सिंह का पुतला दहन किया।शिक्षक नेता जनार्दन कुमार के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में शिक्षकों ने 9 जुलाई 2026 शुक्रवार से जिला शिक्षा कार्यालय में तालाबंदी करने का निर्णय लिया।

**पूर्ण वेतनमान और पुरानी पेंशन दो:** धरना को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता जनार्दन कुमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नियोजित शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक, प्रधान शिक्षक एवं पुस्तकालय अध्यक्ष को पूर्ण वेतनमान एवं पुरानी पेंशन सहित समान काम का समान वेतन व सुविधा देना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो मानसून सत्र के दौरान बिहार विधानसभा पटना का घेराव किया जाएगा और आंदोलन प्रोन्नति तक जारी रहेगा।

**वेतन चोरी का आरोप:** मीडिया प्रभारी डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह ने आरोप लगाया कि वेतन आवंटन के बावजूद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना शंभू प्रसाद सिंह मनमाने तरीके से शिक्षकों का वेतन रोक रहे हैं और जिला शिक्षा पदाधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने ₹वेतन चोर गद्दी छोड़ो, ऊएड-ऊढ़ड मुर्दाबाद, शिक्षक एकता जिंदाबाद₹ के नारे लगाए।

**शामिल रहे :** इस मौके पर शौकत अली, रणजीत कुमार, सुनील कुमार, इम्तियाज अली, ज्योति प्रभा, माला देवी, बेबी कुमारी, राणा प्रताप, बलजीत यादव सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

# भभुआ/कैमूर : एक साल बर्बाद हो जाएगा-अंतिम सेमेस्टर की वाइवा समय पर कराने की मांग

लोकतंत्र की आवाज

विनोद कुमार राम



**भभुआ/कैमूर।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध इउअ सत्र 2023-2026 के छात्रों का शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है। छात्रों का आरोप है कि अंतिम षष्ठम सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा में हो रही देरी के कारण उनका एक साल बर्बाद हो सकता है।

**15 जुलाई से सीयूईटी से मिली सीटों पर शुरू होंगी कक्षाएं :** छात्रों ने बताया कि सीयूईटी के माध्यम से उन्होंने देश के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए नामांकन ले लिया है और सीट बुकिंग के लिए फीस भी जमा कर दी है। इन विश्वविद्यालयों में 15 जुलाई 2026 से कक्षाएं शुरू होनी हैं।

**2 महीने पहले भराया गया फॉर्म, तिथि नहीं घोषित :** लेकिन वीकेएसयू में बीसीए का अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म दो माह पहले ही भरवा लिया गया था, फिर भी अब तक परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की गई है। नियम के अनुसार षष्ठम सेमेस्टर में कोई लिखित परीक्षा नहीं है, सिर्फ एक दिवसीय मौखिक परीक्षा/वाइवा आयोजित होनी है।

**नामांकन रद्द, फीस भी डूबेगी:** छात्रों का कहना है कि यदि समय पर परीक्षा नहीं हुई तो उनका केंद्रीय विश्वविद्यालयों में लिया गया नामांकन रद्द हो जाएगा और जमा की गई मोटी रकम भी वापस नहीं मिलेगी। इससे न सिर्फ आर्थिक नुकसान होगा, बल्कि एक पूरा शैक्षणिक वर्ष भी व्यर्थ चला जाएगा।

**परीक्षा नियंत्रक ने अगस्त तक टालने की कही बात :** छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने कई बार परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर समस्या बताई। छात्रों के अनुसार परीक्षा नियंत्रक द्वारा तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए परीक्षा अगस्त के तीसरे सप्ताह तक टालने की बात कही जा रही है।

**कुलपति से विशेष परीक्षा की मांग:** छात्रों ने कुलपति से आग्रह किया है कि उनके भविष्य को देखते हुए इसे विशेष परिस्थिति मानते हुए 14 जुलाई 2026 से पूर्व मौखिक परीक्षा आयोजित कराई जाए। छात्रों ने कहा कि यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो सैकड़ों छात्रों का करियर दांव पर लग जाएगा।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विसरा भेजा गया जांच के लिए, एसडीपीओ ने कहा- हर पहलू की समीक्षा होगी

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया :** थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। हाल के दिनों में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं ने स्थानीय पुलिस की गश्त और कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है। सबसे चर्चित मामला 29 सितंबर 2025 को बरेज मे हुई चांदनी हत्याकांड का 10 महिने बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है।इस अनसुलझे हत्याकांड की समीक्षा करने पहुंचे मोहनिया एसडीपीओ गोपाल कृष्णा ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। आप को बता दे कि 29 सितंबर 2025 को अपने ही घर के पहले तल्ले पर चांदनी कुमारी का शव बोरे से बरामद हुआ था, मृतका प्रजापति मिश्रा की पत्नी थी,जो कुदरा थाना क्षेत्र के जरुहां गांव की रहने वाली थी और फिलहाल मे मोहनिया थाना क्षेत्र के बरेज गांव में मकान बनाकर रहती थी। लगभग 10 महीने होने को है लेकिन अभी तक चांदनी के हत्यारे का पता नहीं चला। एसडीपीओ गोपाल कृष्णा ने गुरुवार को बताया कि कांड की समीक्षा के दौरान कुछ नए और महत्वपूर्ण बिंदु सामने आए हैं, जिन पर पुलिस आगे का अनुसंधान कर रही है। मामले में सच्चाई का पता लगाने के लिए मृतका के पति और मामले के वादी से लगातार पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आ चुकी है, लेकिन उसमें मौत की स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं की गई है। कारणों को पूरी तरह साफ करने के लिए अब विसरा को आगे की जांच के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी तक मामले में कोई बड़ा ब्रेकथ्रू नहीं मिला है, लेकिन पुलिस सभी बिंदुओं का दोबारा बारीकी से अवलोकन करेगी। स्थानीय थाने द्वारा सहयोग न करने के आरोपों पर एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस हमेशा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। अगर पीड़ित पक्ष को कोई भी शिकायत या समस्या है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। मामले के उद्भेदन के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, चांदनी हत्याकांड के खुलासे में हो रही देरी से परिजनों में भारी आक्रोश है। परिजनो का कहना है कि लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं से अपराधियों के मन से पुलिस का भय समाप्त होता दिख रहा है। लगभग 10 महीने बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लगना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

# केस के निपटारे के नाम पर अवैध वसूली करने वाला गृह रक्षक (होमगार्ड) गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर ।** बिहार के कैमूर जिले में भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक गृह रक्षक (होमगार्ड) को गिरफ्तार किया है। मामला भगवानपुर थाना क्षेत्र का है, जहां केस के निष्पादन (निपटारे) के नाम पर दलाली और अवैध पैसों की मांग करने के आरोप में एक जवान को दबोचा गया है।

**वीडियो के जरिए सामने आया मामला:** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कैमूर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 8 जुलाई 2026 की रात करीब 11:00 बजे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भभुआ को एक वीडियो के माध्यम से यह सूचना मिली थी कि भगवानपुर थाना में तैनात बिहार गृह रक्षक का एक जवान केस सुलझाने के नाम पर अवैध रूप से पैसों की मांग कर रहा है और दलाली में संलिप्त है।

**जांच में सच आया सामने, आरोपी ने गुनाह कबूला:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (रढ), कैमूर ने तुरंत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को जांच के आदेश दिए। शुरुआती जांच में ही आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी गृह रक्षक संख्या 151626 (मनोज कुमार बिंद) ने खुद स्वीकार किया कि उसने अवैध रूप से पैसों की मांग की थी।

**मुकदमा दर्ज कर भेजा गया जेल:** इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए भगवानपुर थाना में कांड संख्या- 178/26, दिनांक 09.07.26, धारा- 308(4) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर आरोपी मनोज कुमार बिंद को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति:** कैमूर पुलिस ने साफ तौर पर कहा है कि वे भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के खिलाफ 'शून्य सहनशीलता' (ˈ१ङ्ग ळङ्ग ˈ१ल्ली) की नीति पर काम कर रहे हैं। किसी भी थाने या पुलिस कार्यालय में दलाली, अवैध वसूली या भ्रष्ट आचरण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कठोर और निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

लोकतंत्र की आवाज
अपना देश
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र
नवादा, शुक्रवार, 10 जुलाई 2026


## संक्षिप्त खबरें ।

### संदीप गुप्ता बने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला महामंत्री,



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक/उनियारा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता की अनुशंसा पर उनियारा निवासी संदीप गुप्ता को टोंक जिले का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है।अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल एवं प्रदेश अध्यक्ष अशोक गर्ग द्वारा जारी मनोनयन पत्र में संदीप गुप्ता के पूर्व कार्यकाल में संगठन के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान, सक्रिय कार्यशैली एवं समाज सेवा की सराहना करते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। संदीप गुप्ता इससे पूर्व उनियारा ब्लॉक अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता और सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी प्रदान की गई है। उनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन जिले में और अधिक मजबूत होगा।

### मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अमित मीणा का भव्य स्वागत-स्टाफ ने माला व साफा पहनाकर किया सम्मान



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक। टोडारायसिंह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) पद पर पदस्थापित होने पर अमित मीणा का कार्यालय परिसर में आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यालय स्टाफ ने माला पहनाकर एवं साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया।स्वागत सम्मान में एसीबीईओ (प्रथम) कमलेश कुमार शर्मा, यूसीईईओ चन्द्रप्रकाश कुर्मी तथा कार्यालय कार्मिक संजय कुमार शर्मा, खुशीराम गुर्जर, अखिलेश वैष्णव सहित अन्य कर्मचारियों ने अमित मीणा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि अमित मीणा के नेतृत्व में टोडारायसिंह ब्लॉक क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी तथा शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक कार्यों में सकारात्मक सुधार होगा। इस संबंध में जानकारी मीणा समाज के सामाजिक कार्यकर्ता बाबूलाल मीणा ने दी।

### गिरिडीह नगर निगम वार्ड संख्या 12 एवं 13 में बी एल ओ आराम तलबी



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड ( 2026. 07.10)। गिरिडीह नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्या 12 एवं 13 में बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्रों का वितरण संग्रहण एवं इसके पश्चात जो आगे का कार्य है वह इलेक्ट्रॉनिक रूप में सुरक्षित करने का है लेकिन यहां पर उनकी जो कार्यशैली है उसे देखकर तो ऐसा नहीं लगता कि वह सभी घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्र का वितरण भी करेंगीं और संग्रहण भी क्योंकि जब यह एक स्थान पर ही बैठकर अपने कार्य को निपटने का प्रयास करती हैं तो यह विश्वास करना भी मुश्किल हो जाता है कि आगे कार्य करेंगी पूरा तो कैसे हां प्रशासनिक दबाव के अंतर्गत यह अंतिम समय में अवश्य ही कार्य पूरा करने का प्रयास करेंगीं लेकिन यह माना जा सकता है कि ऐसी स्थिति में काम में गलतियां या उलट फेर हो सकते हैं वैसे भी कहा जाता है जल्दी काम शैतान का वास्तव में शैतान होता कोई नहीं बल्कि यह गलत कर कई लोगों की परेशानी का कारण बनता है तथा अंतिम भुक्तभोगी मतदाता ही होगा।

### धनरुआ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार धनरुआ



लोक तंत्र की आवाज
धनंजय कुमार
धनरूआ। बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून दक्ष को धरातल पर उतारने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पटना जिले की धनरूआ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। धनरूआ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी व विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। धनरूआ थाना प्रभारी अमित कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में शराब की खेप ले जाई जा रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने *ग्राम सेवदाहा* में घेराबंदी कर एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका। जांच के दौरान पुलिस ने बाइक पर सवार युवक को हिरासत में लिया, जिसकी पहचान **मनीष कुमार (उम्र करीब 22 वर्ष), पिता- कमलेश चौधरी, निवासी- धनरूआ, जिला- पटना*के रूप में हुई है।

### प्रेम प्रसंग के चलते लड़की को भागने पर अपहरण कर्ता पर मुकदमा दर्ज

लोक तंत्र की आवाज
कालपी जालौन । एक गांव में 2 दिन पूर्व शाम को 21 वर्षीय लड़की भगाने की घटना को लेकर पीड़ित पिता ने कालपी कोतवाली में आरोपी युवक के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराया बी एन एस की धारा 87 बीएनएस के तहत जुर्म के आधार में मुकदमा दर्ज किया गया । विवेचना ज्ञान भारती छौक चौकी प्रभारी विपिन यादव को जांच सौंपी। ग्राम निवासी ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि 7 जुलाई वर्ष 2026 समय 4 बजे मेरी पुत्री घर पर थी उसी समय जनपद कानपुर देहात थाना राजपुर ग्राम ओयना निवासी ओम चौहान पुत्र संतोष सिंह प्रेम प्रसंग में फसा कर बहला फुसला कर पुत्री को भगाकर ले गया । घटना में पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक से मांग की है कि शीघ्र ही आरोपी से मेरी लड़की को मुक्त कराकर घर वापिस लाने हेतु न्याय की गुहार लगाई। और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की।

# टोंक के सोहेला में ग्रामीण सेवा शिविर में उमड़े ग्रामीण-कई मामलों का मौके पर निस्तारण

## अवैध मांस-मछली की दुकानों व वन्यजीव शिकार की शिकायतें पहुंचीं शिविर-अधिकारियों ने जांच व कार्रवाई का दिया भरोसा







लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/पीपलू।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को ग्राम पंचायत सोहेला में ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जनसुनवाई करते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि अन्य शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

शिविर प्रभारी एवं पंचायत समिति विकास अधिकारी सुनील वर्मा, सहप्रभारी प्रभुलाल मीणा, सीबीईओ कृष्णा चौधरी तथा सहायक विकास अधिकारी शिवजीराम खोखर की मौजूदगी में पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, शिक्षा, पशुपालन, विद्युत सहित विभिन्न विभागों की परिवेदनाओं पर सुनवाई हुई।शिविर में व्यक्तिगत शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, पट्टा वितरण, नामांतरण, शुद्धि पत्र, जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पशुपालन विभाग ने पशुओं का उपचार किया, जबकि विद्युत विभाग ने प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई कर समाधान की प्रक्रिया शुरू की।

**अवैध मांस-मछली की दुकानों पर कार्रवाई की मांग :** ग्रामीण शरीफ खां ने राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर शराब ठेके के सामने संचालित कथित अवैध मांस-मछली की दुकानों को हटाने की मांग करते हुए लिखित शिकायत दी।शिकायत में आरोप लगाया गया कि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से दुकानें संचालित हो रही हैं और कई बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने अतिक्रमण हटाने एवं नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

**वन्यजीव शिकार की शिकायत भी पहुंची शिविर :** ग्रामीण रामकिशन गुर्जर, पूर्व सरपंच रामदास बैरवा सहित अन्य ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सोहेला के लेटरपैड पर तालाब क्षेत्र में एक परिवार द्वारा कथित रूप से वन्यजीवों के शिकार किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि विरोध करने पर ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने कहा कि प्राप्त शिकायतों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीणों को गांव स्तर पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर में प्राचार्य लल्लूराम शर्मा, ग्राम पंचायत प्रशासक शांति देवी बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी विकास मीणा, नवरत्न शर्मा, पूरणमल मीणा, बनवारीलाल बैरवा, हंसराज गुर्जर, महेंद्र योगी, सावतमल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए प्रशासन व विधायक से लगाई गुहार



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के सलेमपुर पंचायत अंतर्गत फौजदारी ग्राम के वार्ड संख्या-8 के ग्रामीण वर्षों से सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं।सड़क के अभाव में लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश होते ही रास्ता जलमग्न हो जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार, स्कूली बच्चे कमर तक पानी पार कर विद्यालय जाने को मजबूर हैं। वहीं किसी के बीमार होने पर मरीज को कंधे पर उठाकर पानी से होकर मुख्य सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध होने के बावजूद वर्षों से इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि वे जल्द ही इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन को आवेदन सौंपेंगे। साथ ही क्षेत्रीय विधायक से भी सड़क निर्माण की मांग करते हुए जल्द समाधान की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो

# सावन के झूले का होगा भव्य आयोजन-महिला उद्यमियों को मिलेगा मंच, 'नारी शक्ति बनेगी राष्ट्र शक्ति' का संदेश

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक।** मारवाड़ी महिला समिति, टोंक के तत्वावधान में आगामी 1, 2 एवं 3 अगस्त 2026 को अग्रवाल धर्मशाला में महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए तीन दिवसीय विशाल व्यापार मेले "सावन के झूले" का आयोजन किया जाएगा।मेले का उद्देश्य महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराना तथा "नारी शक्ति बनेगी राष्ट्र शक्ति" का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

समिति की सचिव शिक्षा विजय एवं कोषाध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस विशेष मेले का आयोजन किया जा रहा है। समिति की अध्यक्ष एवं समाजसेविका अलका भंडारी के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन में महिला उद्यमी अपने हुनर, उत्पादों




और व्यवसायिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम की संयोजिका रेखा गुप्ता, वंदना जैन एवं नीतू गुप्ता ने बताया कि अग्रवाल धर्मशाला की प्रथम मंजिल स्थित वातानुकूलित (एसी) हॉल में आयोजित होने वाले मेले में राखियां, ज्वेलरी, सलवार-सूट, साड़ियां, होम डेकोर, चूड़ियां, मनिहारी सामग्री, बेडशीट्स, गिफ्ट आइटम सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की स्टॉल महिला उद्यमियों द्वारा लगाई जाएंगी।इसके साथ ही फूड जोन में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध रहेंगे। मेले के तीनों

- **मारवाड़ी महिला समिति टोंक 1 से 3 अगस्त तक आयोजित करेगी तीन दिवसीय महिला व्यापार मेला-मनोरंजन, प्रतियोगिताएं और फूड जोन भी रहेगा आकर्षण**

दिन महिलाओं के लिए मनोरंजक प्रतियोगिताएं, गेम्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही लकी ड्रॉ के माध्यम से प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इन गतिविधियों का संचालन ज्योति जैन, सायवाड़ ममता अग्रवाल एवं निशि जैन के नेतृत्व में किया जाएगा।समिति अध्यक्ष अलका भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम की घोषणा होते ही अधिकांश स्टॉल पहले ही दिन बुक हो गईं, जिससे महिलाओं में आयोजन को लेकर उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने टोंक शहर की सभी महिलाओं से मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करने तथा महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को सफल बनाने की अपील की।

# अमरनाथ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का डिपो के बालाजी मंदिर में भव्य अभिनंदन

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक ।** पवित्र अमरनाथ यात्रा से सकुशल लौटे टोंक के श्रद्धालुओं का गुरुवार को डिपो स्थित बालाजी मंदिर परिसर में श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ भव्य अभिनंदन किया गया।



मीणा समाज के जिलाध्यक्ष रामकरण मीणा के नेतृत्व में समाज के गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान "हर-हर महादेव" और "बाबा बर्फानी अमरनाथ की जय" के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गुंजायमान हो उठा। अमरनाथ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मबल, अनुशासन, धैर्य और मानसिक दृढ़ता की अनूठी परीक्षा भी है। उन्होंने कहा कि यात्रा की कठिन परिस्थितियां श्रद्धालुओं को सेवा, संयम और सकारात्मक जीवन-दृष्टि का संदेश देती हैं।कार्यक्रम के अंत में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना करते हुए सभी यात्रियों के सुरक्षित एवं सफल यात्रा पूर्ण कर लौटने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

नवविवाहित दंपति ने भी किए बाबा बर्फानी के दर्शन

इस अवसर पर थली गांव निवासी नवविवाहित दंपति लोकेश मीणा एवं खुशी मीणा भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विवाह के बाद दोनों ने बाबा बर्फानी के पवित्र दर्शन कर सुखमय दांपत्य जीवन एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं ने नवदंपति को शुभकामनाएं देते हुए उनके इस आध्यात्मिक संकल्प की सराहना की।

# नघेटा रोड पर कीचड़ में धान रोपकर सपा नेता रामज्ञान गुप्ता किया विरोध प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज

**ललित गुप्ता संवाददाता**
**हरदोई।** नगर की बदहाल सड़कों और जलभराव की समस्या को लेकर समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव एवं हरदोई नगर पालिका अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी रामज्ञान गुप्ता ने गुरुवार को नघेटा रोड पर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़क पर धान की रोपाई की और कीचड़ में भाजपा के झंडे लगाकर नगर की दुर्दशा के खिलाफ प्रदर्शन किया।रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि थोड़ी सी बारिश होते ही पूरा शहर तालाब में तब्दील हो जाता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि समस्या के समाधान की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि जल निकासी के लिए आने वाले बजट का सही उपयोग नहीं किया गया, जिसके कारण हर वर्ष शहरवासियों को



जलभराव और टूटी सड़कों की परेशानी झेलनी पड़ती है।उन्होंने बताया कि नघेटा रोड के अलावा मेडिकल कॉलेज, आरआर इंटर कॉलेज, बाल विद्या भवन, मन्नापुरवा के निकट लखनऊ मार्ग, बिलग्राम चुंगी मार्ग, मंगली पुरवा, गंगा देवी कॉलेज रोड तथा बिलग्राम रोड समेत कई प्रमुख मार्गों पर जलभराव से सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।इससे छात्रों, मरीजों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर गहरे गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। रामज्ञान गुप्ता ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द कार्य शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।प्रदर्शन के दौरान समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष सुधीर गुप्ता 'मिन्ना', अवनीश यादव, धर्मेंद्र यादव 'दीपू', चंद्रप्रकाश गुप्ता, रामदत्त गुप्ता, शुभम गुप्ता, श्याम गुप्ता, दुर्गेश, रिंकू गुप्ता, हरिश्चंद्र, रमेश यादव, विनय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाधान दिवस मे प्राप्त शिकायतो की हकीकत जानने एयर गांव पहुंची एसडीएम ज्योति सिंह

लोक तंत्र की आवाज

**उरई ।** समाधान दिवस में प्राप्त एर गांव में जलभराव की शिकायत की जांच करने पहुंची एस डी एम ज्योति सिंह द्वारा जांच की गई जहां उन्होंने अवैध अतिक्रमण नाली, सड़क इत्यादी का सही काम न होने के कारण जल भराव पाया गया।

ADO पंचायत, वीडीओ, एवं लेखपाल को नोटिस निर्गत किया और

DPRO उरई,बीडीओ डकोर,DC मनरेगा को

गांव मे एक सप्ताह तक लगातार सफ़ाई एवं निर्माण कार्य कराकर गांव को साफ सुथरा बनाने के निर्देश दिए गए । साथ ही कीटनाषक दवा का छिडकाव कराने के आदेश दिये गये और विकास कार्यों में हो रही धांधली एवं लापरवाही को लेकर प्रधान व सचिव को लताड़ लगाई ,





# शिक्षक के खौफ से डीपीएस के हॉस्टल से एक साथ 9 छात्र भागे

लोकतंत्र की आवाज

**विभूतिपुर/समस्तीपुर।** थाना क्षेत्र के देशरी करर्ख पंचायत स्थित दामोदर पब्लिक स्कूल के हॉस्टल से एक साथ नौ छात्रों के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने स्कूल परिसर के बाहर जमकर हंगामा व नारेबाजी की। हालांकि,पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी टल गई और करीब 18 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। लापता हुए सभी छात्र पांचवीं से नौवीं कक्षा के हैं, जिनकी उम्र 14 से 16 वर्ष के बीच बताई जा रही है। हॉस्टल के ही एक अन्य छात्र ने अंदर की खौफनाक दास्तान बयां करते हुए बताया कि बीते दिन बारिश में नहाने और बात न मानने को लेकर हॉस्टल



इंचार्ज संदीप सर ने छात्रों की बेरहमी से पिटाई की थी। आरोप है कि यह मारपीट इतनी बर्बर थी कि एक छात्र के हाथ की नस तक कट गई। इस खौफनाक रवैये और डर की वजह से ही सहमे हुए छात्रों ने हॉस्टल से भागने का आत्मघाती फैसला किया।

स्कूल के प्राचार्य रामनिवास सिंह और सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना रात लगभग 10:30 से 11:00 बजे के बीच की है। हॉस्टल के मुख्य गेट पर नीचे गार्ड तैनात था। गार्ड की नजरों से बचने के लिए छात्रों ने हॉस्टल की दूसरी मंजिल पर स्थित एक खिड़की के रास्ते नीचे उतरे और रात के अंधेरे में फरार हो गए।इस दौरान स्कूल का सुरक्षा तंत्र पूरी तरह सोया रहा। परिजनों का सबसे ज्यादा गुस्सा स्कूल प्रबंधन की संवेदनहीनता और घोर लापरवाही पर फूटा।अभिभावकों का आरोप है कि बच्चे रात 11:00 बजे गायब हुए थे,लेकिन स्कूल प्रशासन ने उन्हें सुबह 8 बजे तक सूचना नहीं दी। परिजनों

**पुलिस ने सभी छात्रों को सकुशल किया बरामद**




का कहना है कि अगर स्कूल प्रशासन हमें या पुलिस को रात में ही तुरंत सूचित कर देता तो बच्चों को रात में ही ढूंढा जा सकता था। स्कूल ने मामले को दबाने की कोशिश की। परिजनों का आरोप है कि उन्हें विद्यालय के द्वारा जानकारी नहीं दी गई है कि उनका बच्चा गायब हो गया है। जबकि वो सुबह मेरे घर आए थे। वहीं हंगामे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और विभूतिपुर थाने की स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अलग-अलग टीमें गठित कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। ताजा जानकारी के अनुसार विभूतिपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के करीब 18 घंटे बाद सभी गायब हुए नौ बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चों के सुरक्षित मिलने के बाद परिजनों और पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है। पुलिस अब हॉस्टल इंचार्ज पर लगे मारपीट के आरोपों और स्कूल की लापरवाही की गहन जांच कर रही है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।